दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



कमल हसन ने यूएस.....

एक हफ्ते में खुल जाएंगे सारे राज.....

वर्ष : 10 अंक : 267 लखनऊ, 08 सितम्बर, रविवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# सैनिक स्कूल की स्थापना से पूरा हो रहा पीढ़ियों के निर्माण का पवित्र उद्देश्यः सीएम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश, सीमावर्ती बिहार और नेपाल की तीन करोड़ से आबादी का हर लिहाज से महत्वपूर्ण केंद्र है। आज गोरखपुर नए भारत की विकास यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से, उनके मार्गदर्शन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर, उत्तर-पूर्व क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है।

सीएम योगी शनिवार को सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत कर रहे थे। उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ का प्रदेश और गोरखपुरवासियों की तरफ से अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उपराष्ट्रपति जी का पहली बार गोरखपुर आगमन हुआ है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल के जरिये आज पीढ़ियों का निर्माण करने वाला पवित्र उद्देश्य पूरा हो रहा है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण दिन है।



## पौराणिक व ऐतिहासिक कालखंड से गोरखपुर महत्वपूर्ण स्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंड से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यह महायोगी गुरु गोरखनाथ जी की साधना स्थली है तो गीता प्रेस के माध्यम से पूरी दुनिया में सनातन साहित्य के प्रकाशन का केंद्र भी। आजादी की लड़ाई में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता समर के दौरान शहीद बंधु सिंह के नेतृत्व में गोरखपुर क्षेत्र में अंग्रेजी हुकूमत की चूलों को हिला दिया गया था। 1922 में चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना में आजादी के संघर्ष को नई गति दी। सीएम ने कहा कि गोरखपुर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। गोरखपुर को केंद्र में रखकर देखें तो यहां से 50 किमी की दूरी पर महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर है। 90 किमी की दूरी पर बुद्ध की जन्मभूमि लुम्बिनी है तो 25 किमी की दूरी पर संतकबीर की परिनिर्वाण स्थली मगहर है। 175 किमी की दूरी पर प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या है जबकि 225 किमी की दूरी पर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी है।

## विकास के नए आयामों से बनी गोरखपुर और यूपी की विशिष्ट पहचान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस खाद कारखाना परिसर में सैनिक स्कूल बना है वह कारखाना कभी बंद पड़ा था। आज दोबारा शुरू होने से यह कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, कृषि लागत कम करने और आजीविका के नए साधन उपलब्ध कराने के केंद्र के रूप में उभरा है। गोरखपुर में एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज से स्वास्थ्य अभियान को गति मिल रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में बीआरडी मेडिकल कॉलेज और एम्स प्रतिदिन नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। चीनी मीलों से गन्ना किसानों को अप्रत्याशित लाभ मिल रहा है। अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, ऐक्सप्रेसवे, सिक्सलेन, फोरलेन के निर्माण से, विकास के नए आयामों से गोरखपुर और यूपी की विशिष्ट पहचान बन रही है।

## तीन साल में सैनिक स्कूल बनाकर सीएम योगी ने किया चमत्कारिक कार्यः उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें कम है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित थीं। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है। जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। कई पहलुओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी जी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है। वैसे तो योगी जी के चमत्कारिक कार्यों की गूंज हर जगह सुनाई देती है।त

### भारतीयता हमारी पहचान, राष्ट्र हमारा धर्म

सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिन्ह लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है।

### आज दस साल पहले वाला भारत नहीं

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है। बल्कि सशक्त भारत है। पहले देश का सोना स्विट्जरलैंड के बैंक में गिरवी रखा जाता था आज ऐसी स्थिति नहीं है बल्कि देश के स्वर्णकोष पर्याप्त है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफ्टी 24,834.85

# तीन मंजिला इमारत गिरने से पांच लोगों की मौत, दो दर्जन से अधिक घायल

## मलबे में कई अन्य लोगों के दबे होने की आशंका

**मौके पर एसीएस होम दीपक कुमार, एडीजी ला एंड ऑर्डर अमिताभ यश, डीएम सहित कई अधिकारी पहुंचे**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार को तीन मंजिला बिल्डिंग गिरने से मलबे में दबकर पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मलबे में कई अन्य लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। जिसको लेकर देर रात तक राहत और बचाव कार्य जारी था। घायलों को लोक बंधु अस्पताल, ट्रामा सेंटर और अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर में आशियाना निवासी राकेश सिंघल की हर मिलाप नामक तीन मंजिला बिल्डिंग में मोबिल आयल, गिफ्ट आइटम और दवा गोदाम है। बताते हैं कि शाम करीब 4 बजे बिल्डिंग का आधा हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस समय उसके अंदर तमाम लोग मौजूद थे और बिल्डिंग के अंदर काम चल रहा था। जिससे उसके अन्दर मौजूद मजदूर उसके नीचे दब गए और चीख पुकार मच गई। आनन फानन सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद कृष्णा नगर, आशियाना, बिजनौर और सरोजनीनगर सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर भी मौके पर पहुंचे। एनडीआरफ और एसडीआरएफ की टीमों को बुलाकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। देर शाम करीब 8 बजे तक बिल्डिंग के अंदर दबे 30 लोगों को बाहर निकाला जा चुका था। निकाले गए लोगों की देर शाम तक ठीक से पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस उनकी पहचान कराने में जुटी है। मलबे से निकाले गए लोगों में से 5 की मौत हो चुकी है। मरने वालों में पंकज तिवारी (40), धीरज गुप्ता (48), अरुण सोनकर (28) और जसमीत साहनी शामिल हैं। जबकि 25 अन्य घायलों में से कुछ को लोकबंधु अस्पताल, कुछ को ट्रामा सेंटर और एक को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मलबे में दबे होने की आशंका को लेकर देर रात तक एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा बचाव कार्य जारी था। वही बिल्डिंग के बाहर भयंकर जल भराव होने के कारण राहत और बचाव कार्य में भी दिक्कत आ रही है। मौके पर जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर के अलावा एडीजी ला एंड ऑर्डर अमिताभ यश सहित कई अन्य अधिकारी व भारी पुलिस फोर्स मौजूद थी। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रशासनिक अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि तत्काल इस मामले में कार्रवाई करते हुए सभी घायलों का बेहतर इलाज कराया जाए।

# भारत की पहली यात्रा पर आएंगे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद

**पीएम मोदी से होगी मुलाकात**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, विदेश मंत्रालय ने शनिवार को घोषणा की कि अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 9-10 सितंबर को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। अबू धाबी के युवराज के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। खालिद बिन मोहम्मद अल नाहयान के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। वह सोमवार (9 सितंबर) को पीएम मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे, जिसके बाद वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट जाएंगे।

अपनी यात्रा के दूसरे दिन वह एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के बिजनेस लीडर हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, ₹क्राउन प्रिंस की यात्रा मजबूत भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के रास्ते खोलेगी।₹ खालिद बिन मोहम्मद अल नाहयान के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। वह सोमवार (9 सितंबर) को पीएम मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे, जिसके बाद वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट जाएंगे।

अपनी यात्रा के दूसरे दिन वह एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के बिजनेस लीडर हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, ₹क्राउन प्रिंस की यात्रा मजबूत भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के रास्ते खोलेगी।₹ 2022-23 में लगभग 85 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ यूएई और भारत एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से हैं। प्रधान मंत्री मोदी 14 फरवरी को अबू धाबी की यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने भक्ति मंत्रों के बीच और स्वामीनारायण संप्रदाय के आध्यात्मिक नेताओं की उपस्थिति में अबू धाबी के पहले हिंदू पत्थर मंदिर का उद्घाटन किया था।

# आगरा–अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषड़ सड़क हादसा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**17 लोगों की मौके पर ही मौत, रोडवेज बस ने वैन को मारी थी टक्कर**

नई दिल्ली, पुलिस ने आज (7 सितंबर) बताया कि हाथरस हादसे में सात पुरुषों, चार महिलाओं और छह बच्चों समेत 17 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 93 पर शुक्रवार को एक वैन को रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से घायलों का उचित उपचार सुनिश्चित करने को भी कहा है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) निपुण अग्रवाल ने कहा, ₹आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरटेक करने की कोशिश में बस ने वैन को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान इरशाद (25), मुन्ने खां (55), मुस्कान (16), टल्ली (28), तबस्सुम (28), नजमा (25), भोला (25), खुशबू (25), जमील (50), छोटे (25), अयान (दो), सूफियान (एक), अल्फाज (छह), शोएब (पांच) और इशरत (50) के रूप में हुई है। मृतकों में 17 में से 16 लोग खंदौली के सेमरा गांव और एक व्यक्ति फिरोजाबाद के दीदामई का रहने वाला है। मैक्स लोडर में सवार लोग सासनी गांव के मुकुंद खेड़ा चालीसा में दावत खाकर खंदौली के पास सेमरा गांव लौट रहे थे।

मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

# भगवान गणेश के स्वागत के लिए मुंबई पूरी तरह तैयार, 2500 से अधिक मंडलों को मिली मंजूरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 2,500 से ज्यादा गणेश मंडल और लाखों परिवार शनिवार से दस दिवसीय गणेश उत्सव मनाएंगे। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों को गणेश मंडलों से 3,358 आवेदन मिले हैं और शुक्रवार तक 2,635 मंडलों को पंडाल लगाने की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि 300 से अधिक आवेदन अभी भी स्वीकृति के लिए लंबित हैं। गणेश मंडल, ऐसे समूह हैं जो सार्वजनिक स्थानों पर गणेशोत्सव मनाते हैं। शनिवार को घरों और पंडालों में विधि-विधान से प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को लोगों को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए इस त्योहार को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाने का आग्रह किया। वहीं, गणेश उत्सव के दौरान मुंबई में सुरक्षा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा करीब 15,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक अधिकारी ने यहां बताया कि 32 पुलिस उपायुक्त, 45 सहायक आयुक्त, 2,435 अधिकारी, 12,420 कॉस्टेबल, होमगार्ड और राज्य रिजर्व पुलिस बल, रैपिड एक्शन फोर्स और दंगा नियंत्रण इकाई के कर्मी सड़कों पर तैनात रहेंगे। शहर की तीनों मेट्रो लाइन पर, गणेश उत्सव के दौरान अंतिम ट्रेन के परिचालन का समय बढ़ाने का फैसला किया गया है। संचालकों ने कहा कि इससे उन श्रद्धालुओं को मदद मिलेगी जो 10 दिवसीय उत्सव के दौरान रात के समय पंडालों में उमड़ते हैं।

# देश के हर कोने में सुनाई दे प्रेम की आवाज : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगांठ पर एक दिल छू लेने वाला वीडियो साझा किया और कहा कि इस यात्रा ने उन्हें मौन की सुंदरता सिखाई है। एक्स को संबोधित करते हुए गांधी ने लिखा कि भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की सुंदरता सिखाई। उत्साही भीड़ और नारों के बीच, मैंने शोर को शांत करने और वास्तव में सुनने के लिए अपने बगल वाले व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की शक्ति का पता लगाया।

उन्होंने यह भी कहा कि इन दो वर्षों में, उन्होंने विविध पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बात सुनी है और प्रत्येक आवाज ने ज्ञान दिया है, उन्हें कुछ नया सिखाया है और प्रत्येक व्यक्ति ने प्यारी भारत माता का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने लिखा कि यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्यार करने वाले लोग हैं। जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी तो मैंने कहा था कि प्रेम नफरत पर विजय प्राप्त करेगा और आशा भय पर विजय प्राप्त करेगी, आज हमारा मिशन एक ही है कि भारत माता की आवाज, प्रेम की आवाज हमारे प्यारे देश के हर कोने में सुनाई दे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक जन-आंदोलन है, जो समाज को एकजुट करने का पर्याय बन गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी व हमारे भारत जोड़ो यात्रियों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल जो दूरी तय की, उससे करोड़ों लोगों के दिलों में प्रेमभाव, आपसी सौहार्द और बंधुत्व की अभूतपूर्व जन-चेतना जागृत हुई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगाँठ के अवसर पर मैं देशवासियों से केवल इतनी ही अपील करता हूँ कि संविधान और लोकतंत्र को संजोए रखने का संघर्ष जारी रखें।

खड़गे ने आगे लिखा कि आर्थिक असमानताओं, महँगाई, बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, संविधान के विध्वंस, सत्ता के केंद्रीकरण के वास्तविक मुद्दों पर हमारा संघर्ष जारी है। उन्होंने कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के हमारे संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखने का संकल्प और मजबूत होना चाहिए। नफरत और विभाजन के एजेंडे को हम कामयाब नहीं होने देंगे। मोहब्बत और इंसानियत की जीत निश्चित है।

पार्टी नेता जयराम रमेश ने लिखा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई भारत जोड़ो यात्रा के शुरूआत की आज दूसरी वर्षगांठ है। यह यात्रा सही मायने में एक परिवर्तनकारी यात्रा थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में 200 से अधिक भारत यात्रियों ने 145 दिनों की अवधि में पैदल चलकर 4000 किलोमीटर लंबी यात्रा पूरी की थी। यात्रा ने 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था। इस यात्रा से अभूतपूर्व कनेक्टिविटी और सामूहिकता की भावना पैदा हुई। इसने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए एक बड़ी बूस्टर डोज का काम किया। यात्रा ने हमारे देश की राजनीति में भी बदलाव की शुरूआत की। साथ ही साथ इसने जनवरी-मार्च 2024 के दौरान मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 3 परिवारों ने जम्मू-कश्मीर को लूटा, अमित शाह बोले- अब दोबारा फैलाना चाहते हैं आतंकवाद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी)-कांग्रेस गठबंधन पर अलगाववादियों और आतंकवादी समर्थकों की रिहाई की मांग करके जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले जम्मू में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने क्षेत्र में आतंकवाद को फिर से बढ़ावा देने के प्रयासों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। नेकां और कांग्रेस पत्थरबाजों को रिहा करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि राजौरी और पुंछ में आतंकवाद पनपे। हमने उपद्रवियों को जेल में डाल दिया है। वे चाहते हैं कि नियंत्रण रेखा के पार व्यापार फिर से शुरू हो। इससे किसे फायदा होगा? शाह ने आरोप लगाया कि एनसी-कांग्रेस गठबंधन ने महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ मिलकर क्षेत्र को आतंकवाद की आग में धकेलने की कोशिश की।

### मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, पांच लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार सुबह हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह सो रहा था, वहीं बाद में हुई गोलीबारी में चार हथियारबंद लोग मारे गए। ? अधिकारी के मुताबिक, उग्रवादी जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर एक सुनसान स्थान पर अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में घुसे और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी अधिकारी ने बताया कि हत्या के बाद जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर पहाड़ियों में युद्धरत समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

नगराम। थाना क्षेत्र के हरदोइया मजरा दोरिया गांव में महिला ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पति सर्वेश कुमार ने मृतका काजल के पिता को फोन कर बताया कि काजल की तबीयत खराब है ।तभी मृतका काजल के पिता मौके पर पहुंचकर घर के अंदर जाकर एक कमरे की खिड़की से देखा तो बेटी काजल अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकी मिली।ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर आकर देखा तो मृतका काजल पत्नी सर्वेश कुमार26वर्ष अपने कमरे में पंखे से दुपट्टे से लटकी मिली। नगराम पुलिस ने वीडियोग्राफी कराते हुए महिला का शव नीचे उतारा गया ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। मृतका के पिता राकेश कुमार नगराम पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया ।बेटी काजल को आय दिन दहेज के लिए परिवार वाले परेशान करते थे और दहेज को लेकर मेरी बेटी को मारा पीटा करते थे। मृतका के पिता ने मृतका के पति सर्वेश कुमार, भाई,सास व जेठानी पर बेटी को मारने का आरोप लगाया।थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : एसडीएम व एसीपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा व सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने सभी विभागो के अधिकारियो की मौजूदगी में फरियादियो की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा से जंहागीरपुर मजरा रकीबखेड़ा के दर्जनो ग्रामीणो ने शिकायत करते हुये बताया उनके गांव में सुरक्षित कब्रिस्तान व बंजर भूमि पर अवैध तरीके से कुछ लोगो ने कब्जा कर लिया है ।ग्रामीणो ने सरकारी जमीनो पर कब्जा करने वाले लोगो पर कार्यवाही के साथ ही अवैध कब्जा हटाये जाने की मांग की ।एसडीएम ने नायाब तहसीलदार को राजस्व व पुलिस टीम की संयुक्त टीमो के साथ मौके पर जाकर जांच के बाद अवैध कब्जा हटाये जाने के निर्देश दिये ।दूसरी शिकायत अर्जुन कुमार निवासी चमरतलिया ने करते हुये बताया उसने अपनी पैतृक जमीन की मेड़बंदी कराये जाने के लिये एसडीएम न्यायालय में दो वाद डाले थे,चमरतलिया में स्थित भूमि की मेडबंदी के लिये 1सितम्बर 2023 को आदेश हुआ था ओर घुसकर में स्थित जमीन की मेड़बंदी के लिये 30मार्च2024 को आदेश हुआ था लेकिन अब तक लेखपाल द्वारा दोनो जमीन की पैमाईश कर मेड़बंदी नही करायी गयी ।एसडीएम ने राजस्व टीम को मौके पर जाकर पैमाईश कर मेड़बंदी कराये जाने के निर्देश दिये ।तीसरी शिकायत एसीपी रजनीश वर्मा से करते हुये महिला रीनापाल निवासी टिकरा जुगराज थाना नगराम ने बताया पति समेत ससुरालीजन उसे कई सालो से प्रताड़ित कर रहे ओर उसके बच्चो से मिलने नही देते है,किसी तरह अपने मायके में रहकर वो मजदूरी कर गुजर बसर कर रही है ।पीड़ित ने बताया पूरे मामले की कई बार नगराम थाने में शिकायत भी की लेकिन कोई कार्यवाही नही हुयी ।एसीपी ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये थाना प्रभारी नगराम को महिला उपनिरीक्षक से जांच कराने के उपरान्त कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये।

## तालाब में जहरीला पदार्थ डालने से मछलियां मरीं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते बृहस्पतिवार को गांव में स्थित तालाब में अराजक तत्वों ने जहरीला पदार्थ डाल दिया, जिससे भारी संख्या में मछलियां मर गईं। तालाब के मालिक ने अज्ञात के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुड़ियारा निवासी जोधी प्रसाद ने बताया कि उसने गांव में एक तालाब में मछली पालन किया है। उनका कहना है कि किसी अराजक तत्वों ने तालाब में जहरीला पदार्थ डाल दिया है। जिससे अचानक मछलियां मरने लगीं। कई क्विंटल मछलियां मरकर उतरा गईं। जोधी प्रसाद ने बताया कि इधर उधर पैसे लेकर मछली पालन किया था। जिससे उसे काफी नुकसान हुआ है। तालाब मालिक ने रहीमाबाद थाने पर अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## एसडीओ ने निवा फीडर पर हाई प्रेशर कराकर विद्युत आपूर्ति कराई चालू

अमन लेखनी समाचार



बंथराः बंथरा क्षेत्र के गहरु उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले फीडर निवा में खराब केबल को उपखंड अधिकारी ने हाई प्रेशर कराकर सुचार रूप से चालू कराया। जिससे क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था ठीक हो सकी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचार रूप से चल सके जिसको लेकर विद्युत लाइनों पर कार्य किया जा रहा है बरसात के इस मौसम में पेड़ों की कटाई छटाई भी की जा रही है जिससे विद्युत लाइने प्रभावित न हो। जिन क्षेत्रों में जर्जर तारों के सहारे विद्युत आपूर्ति हो रही है उन तारों को बदलने का भी काम किया जा रहा है। क्षेत्र में जो लाइन किसी अन्य कारण से प्रभावित हैं या हो रही हैं उन पर भी विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है जिससे लोगों को किसी प्रकार की कोई विद्युत आपूर्ति में समस्या न हो और क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सके। जर्जर तारों को बदलने का भी कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के अन्य गांव जिसमें विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है उन क्षेत्रों में भी काम कराया जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को सुचारु रुप से विद्युत आपूर्ति हो सके।

## अज्ञात कार ने बाइक में मारी टक्कर,दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। ब्रम्हदासपुर निवासी संजय ने बताया बीते शुक्रवार की रात दस बजे उनका बेटा दीपक (24वर्ष) अपनी बुआ के बेटे देशराज (30वर्ष) निवासी शेखनखेड़ा मजरा उतरांवा के साथ निगोहां कस्बे से बाइक से घर वापस लौट रहा था।दोनो जैसे ही निगोहां थाने के सामने के कट से मुड़ने लगे तभी रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार कार बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर लगते हुये दोनो बाइक सहित छिटककर दूर जा गिरे ओर गंभीर रूप से घायल हो गये ।सूचना के बाद पुलिस ने दोनो घायलो को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये सीएचसी भेजा,जहां डाक्टर ने दोनो की हालत गम्भीर देखते हुये ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ।जहां भर्ती कर दोनो युवको का इलाज जारी है ओर हालत गम्भीर बनी हुयी है ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन व चालक पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

## महिला अधिवक्ता की हत्या से नाराज अधिवक्ताओ ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहनी तोमर का अपहरण कर बेहरमी से हत्या किये जाने से नाराज अधिवक्ताओ ने मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला व महामंत्री रामलखन के नेतृत्व में ?शनिवार को काली पट्टी हाथो में बांधकर तहसील में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुये राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन तहसील दिवस सभागार में पहुंचकर वहा मौजूद उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा व एसीपी रजनीश वर्मा को सौपतें हुये मृतक महिला अधिवक्ता के पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को तत्काल नौकरी दिये जाने की मांग समेत अधिवक्ताओ के साथ हो रही घटनाओ को देखते हुये तत्काल अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग की ।महिला अधिवक्ता के हत्यारो को फांसी देने व हत्याकांड की सीबीआई जांच कराये की मांग की।

## ट्रांसपोर्टनगर हादसाः घटना स्थल पहुंचे सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह

- ट्रांसपोर्टनगर हादसा: दिल्ली से सीधा घटना स्थल पहुंचे विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, घायलों के समुचित इलाज के लिए दिखे तत्पर
- ट्रांसपोर्टनगर हादसे के घायलों के सहारा बनें डॉ. राजेश्वर सिंह, निजी व्यय से परिजनों को उपलब्ध कराई आर्थिक सहायता
- ट्रांसपोर्टनगर में बिल्डिंग गिरने की घटना पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने जताया दु:ख, अस्पताल पहुँच जाना घायलों का हाल चाल



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के ट्रांसपोर्टनगर क्षेत्र में एक बिल्डिंग ढहने के कारण कई लोगों के घायल होने और एक व्यक्ति की मृत्यु पर सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया। हादसे की सूचना पर तत्काल घटनास्थल पहुंचे विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमें मुस्तैदी से तैनात हैं, राहत और बचाव के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। इस दौरान विधायक की टीम भी राहत और बचाव कार्य में सहयोग करती नजर आयी।

विधायक ने बताया वे स्वयं जिला प्रशासन तथा लोकबंधु चिकित्सालय प्रशासन के लगातार संपर्क में हैं। घायलों को सर्वोत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस दौरान डॉ. सिंह ने दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल कवलित हुए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद विधायक लोकबंधु चिकत्सालय भी पहुंचे जहां उन्होंने घायलों का हालचाल जाना उन्हे सर्वोत्कृष्ट उपचार व स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाए जाने हेतु चिकित्सालय सीएमएस एवं संबंधित चिकित्सा अधिकारियों से वार्ता की एवं घायलों के परिजनों को निजी व्यय से तात्कालिक आर्थिक सहयोग राशि भी उपलब्ध कराई।

## टेंपो चालक ने दरोगा पर लगाया मारपीट का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाने के दरोगा द्वारा टेंपो चालक की पिटाई करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। वीडियो में टेंपो चालक ने एक दरोगा का नाम लेने के साथ ही उसके साथ एक अन्य दरोगा पर मारपीट का आरोप लगाया। उसने कहा कि उनकी पिटाई से उसकी आंख की रोशनी कम हो गई। वहीं मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो इसकी जांच एसीपी कृष्णा नगर को सौंप दी गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बिजनौर के कंकड़ कुआं मोहल्ला निवासी रामचंद्र रावत उर्फ चन्दर (32) ने बिजनौर थाने के दरोगा गजय सिंह के अलावा एक अन्य दरोगा पर लात घूसों से मारने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि वह शुक्रवार रात सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र गेट नंबर -3 के पास अपना टेंपो सड़क किनारे खड़ा कर सवारियां उतार रहा था। तभी वहां पहुंचे उक्त दरोगा ने टेंपो चालक से गाड़ी आगे बढ़ाने को कहा। लेकिन टेंपो चालक का कहना है कि वह सवारियां उतार रहा था, इस वजह से गाड़ी आगे नहीं बढ़ा पाया। इससे गुस्साए दरोगा ने उसके मुंह पर कई घूंसे जड़ दिए और टेंपो से नीचे खींचकर लात घूसों से मारने पीटने लगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त दरोगा आए दिन टेंपो चलाने के नाम पर उससे वसूली मांगता है। पीड़ित ने कहा है कि दरोगा द्वारा चेहरे पर घूंसा मारने की वजह से उसकी एक आंख की रोशनी चली गई है। इस मामले को लेकर पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया है। वहीं बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा का कहना है कि जानकारी मिलने के बाद टेंपो चालक ने जिन दरोगा पर आरोप लगाया, उन दोनों दरोगा को उसके सामने लाया गया। लेकिन टेंपो चालक ने उनको पहचानने से मना कर दिया। उधर उच्च अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए इसकी जांच एसीपी कृष्णा नगर विनय द्विवेदी को सौंपी है और एसीपी कृष्णा नगर ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बीडीओ की अगुवाई में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण का विशेष शिविर आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को तहसील दिवस के दिन बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव की अगुवाई में प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) का विशेष शिविर लगाया गया । प्रधानमंत्री आवास ( ग्रामीण ) के प्रचार प्रसार हेतु बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने तहसील परिसर में आए हुए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) की पात्रता के बारे में बताते हुए जागरूक किया । बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) को जन जन तक पहुंचाने के लिए तहसील परिसर में विशेष कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है इस दौरान विशेष शिविर में आवास पटल सहायक मोहम्मद जुबेर ग्राम पंचायत सचिव शंशाक शुक्ला एवं नवांगतुक ग्राम विकास अधिकारी शुभम मिश्रा ने कैम्प में आए हुए लोगों को प्रधानमंत्री आवास की पात्रता एवं अपात्रता के बारे में जागरूक किया।

# बदमाशों का दुस्साहस दे रहा पुलिस के इकबाल को चुनौती, खाकी पर हो रहे हमलों ने बढ़ाई चिंता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बदमाशों का बढ़ता दुस्साहस पुलिस के इकबाल को चुनौती देता रहा है। आगरा में खनन माफिया के गुर्गों ने जिस तरह पुलिसकर्मियों पर हमला बोला, वह अकेली घटना नहीं। प्रदेश में पहले भी ऐसी कई दुस्साहसिक वारदात हो चुकी हैं, जिन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर बड़े सवाल खड़े किए।

कानपुर के बिकरू गांव में हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे को पकड़ने गई पुलिस टीम पर बदमाशों की अंधाधुंध फायरिंग की थी, जिसमें सीओ समेत आठ पुलिसकर्मी बलिदान हो गए थे। प्रयागराज में उमेश पाल की दिनदहाड़े हुई हत्या के दौरान उसकी सुरक्षा में तैनात रहे दो पुलिसकर्मियों को भी गोलियों से छलनी कर दिया गया था। ऐसी घटनाएं पुलिस की साख पर भी सवाल उठाती रही हैं। अवैध असलहों से लैस बदमाश मौका पड़ने पर खाकी को भी निशाना बनाने से नहीं चूकते।

### अफसरों की बढ़ रही चिंता

प्रदेश में खनन माफिया का सिंडीकेट लंबे समय से सक्रिय रहा है। खनन माफिया पहले भी उनके रास्ते में आने वाले पुलिसकर्मियों को निशाना बनाते रहे हैं। पुलिस भी ऐसी किसी बड़ी घटना के बाद उसमें शामिल रहे बदमाशों पर कहर बनकर टूटी है। पर एक के बाद एक ऐसी घटनाएं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की चिंता भी बढ़ाती हैं। पुलिस दबिश के दौरान सुरक्षा उपकरणों से लैस रहने से लेकर अन्य सावधानियां बरते जाने के विस्तृत निर्देश भी दिए जा चुके हैं। इसके बाद भी पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की चूक से कई बार बदमाश उन पर भारी पड़ते रहे हैं।

मेरठ में एक दिन पूर्व ही देहलीगेट थाने की पुलिस लूट के एक आरोपित को पकड़ने गई थी। जहां पुलिसकर्मियों पर हमला बोलकर आरोपित को छुड़ा लिया गया। बाद में और पुलिस बल के पहुंचने पर स्थिति संभली। जुलाई माह में एक गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंचे सिपाही राधेचरण यादव को दबंगों ने हमला कर घायल कर दिया। जुलाई माह में ही उन्नाव में सिपाही कृष्णदेव को छत से फेंके जाने की घटना भी सामने आई थी। ऐसी घटनाएं पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के सवाल भी उठाती रही हैं।

### हमलावरों पर होगी कठोर कार्रवाई : डीजीपी

डीजीपी प्रशांत कुमार का कहना है कि आगरा में सिपाही पर हमले की घटना में बदमाशों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है। पुलिसकर्मियों पर हमले की किसी भी घटना में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

## एसीपी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ. मोहनलालगंज कोतवाली में शनिवार की शाम को जनता व पुलिस के सम्बन्ध व विश्वास को सुद्दढ़ करने के लिए सम्भ्रांत व्यक्तियों की एक बैठक सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के नेतृत्व में बुलाई गई थाना क्षेत्र के लगभग सभी सम्भ्रांत बैठक में शामिल हुए बैठक में एसीपी मोहनलालगंज ने निम्न बिन्दुओ पर जनता के सम्भ्रांत व्यक्तियों से आग्रह किया गया कि गांव में त्यौहारों के सम्बन्ध में कोई नई परम्परा शुरू न करें इसके अलावा विसर्जन चिन्हित स्थानों के अलावा किसी अन्य स्थान पर न करें साथ ही यह भी बताया की किसी अराजकतत्वों द्वारा यदि माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो पुलिस को अवगत करायें जिससे शीघ्र विधिक कार्यवाही की जा सके और इस बैठक में संभ्रान्त व्यक्तियों को साइबर अपराध से बचने हेतु जागरूक भी किया गया एवं गांव में आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु आग्रह भी किया महिला एवं बालकों से सम्बन्धित अपराध को भी जागरुक किया गया इसके बाद बैठक में आये सभी संभ्रान्त व्यक्तियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश देते हुए बैठक का समापन किया गया वही इस बैठक में कोतवाल मोहनलालगंज अलोक राव के कुछ अपने चहेतों पत्रकारों को ही बैठक में बुलाया गया इसके अलावा जो भी स्थानीय अन्य पत्रकारों को बैठक की कोई जानकारी देना कोतवाल ने उचित नहीं समझा

## जूते पर शक होते ही पकड़ा गया फर्जी दारोगा

### पुलिस ने पूछा सवाल तो आई कार्ड दिखाकर जोड़ने लगा हाथ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या रोड मटियारी चौराहे से चिनहट पुलिस ने शनिवार दोपहर फर्जी दारोगा सोमिल सिंह को गिरफ्तार किया है। वह सिपाही दोस्त की वर्दी पहनकर, कांधे पर स्टार लगा कर कार खरीदने जा रहा था, लेकिन जूते काले ही पहने था। बाजू पर फित्ती नहीं लगी थी। यह देख असली दारोगा व चौकी प्रभारी जावेद ने उसे पकड़ लिया। दारोगा के जूते ब्राउन होते हैं, जबकि काले सिपाही के होते हैं। तलाशी में जाली आई कार्ड भी पुलिस को मिला है। दारोगा जावेद ने पुलिस टीम के साथ आरोपी सोमिल को हिरासत में ले लिया और चिनहट थाने लेकर पहुंचे। वहां पूछताछ में उसके फजीवाड़े का राजफाश हुआ। घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।

### चारबाग से खरीदे सुनहरे स्टार

एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक, सोमिल सिंह बहराइच के रामगांव का रहने वाला है। उसने पूछताछ में बताया कि कैंट थाने में उसका एक मित्र सिपाही है। उसकी वर्दी चुपके से ले आया था। चारबाग से सुनहरे रंग के स्टार खरीदे और फिर कांधे पर लगाकर दारोगा बन गया। जूते उसके पास काले थे तो उसने वही पहन लिए। सोमिल के मुताबिक, उसे क्रेटा कार खरीदनी थी। उसने सोचा कि वर्दी पहनकर शोरूम में जाएगा तो कर्मचारियों को रौब में लेकर उनसे रुपये कम करा लेगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम ने सुनी समस्याएं

### समाधान दिवस पर आयी नब्बे शिकायतों में चौदह का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



न्याय के लिए हाथ जोड़कर खड़ा फरियादी – फोटो

लखनऊ। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 90 शिकायती पत्र आए और जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया और शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस पर माल के ग्राम केरौरा निवासी रामगोपाल विश्वकर्मा ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसी ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 185 बंजर भूमि पर उसी गांव निवासी लल्ला मौर्य जबरन उस पर निर्माण कर और शेष भूमि पर खेती कर रहे है। जबकि तहसीलदार द्वारा सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने का आदेश हो चुका है। लेकिन अभी तक उस भूमि से नहीं हटाया गया अतिक्रमण। वहीं आमनीगंज निवासी रामश्री पत्नी राम प्रकाश ने समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देकर बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी उसका राशन कार्ड अभी तक जारी नही हुआ है। और वह लगातार काफी दिनों से तहसील के चक्कर काट रही है। वहीं मलिहाबाद माल मार्ग पर जगह जगह बने गहरे गड्ढे को लेकर भी तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया गया इस पर एडीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग को संबंधित शिकायत की जांच के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम मलिहाबाद, तहसीलदार वंदना सिंह कुशवाहा नायब तहसीलदार इंद्रसेन शुक्ला, खंड विकास अधिकारी रविंद्र मिश्र, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चोरों का आतंक ग्रामीण परेशान, पुलिस बनी अंजान

अमन लेखनी समाचार

बंथराः बंथरा क्षेत्र के गढ़ी चुनौटी, रामचौरा, नारायणपुर सहित तामाम गांवो में चोरों ने आतंक मचा रखा है। पिछले 15 दिनों से लगातार चोरों ने कई घरों में धावा बोलकर चोरियां भी की। जिसका खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर पाई है। वहीं लगातार चोर घटना को अंजाम दे रहे है। क्षेत्र के लोगों में इन बेखौफ चोरों की दहशत बन गई है। क्षेत्र के किसी न किसी गांव में चोर अपना हाथ साफ ही कर देते है। कई घरों में बड़ी वारदाते भी हो चुकीं हैं जिससे गांव के लोग रातों रात जागने को मजबूर हैं। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन हाथ पैर हाथ रख कर बैठा हुआ है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात हौंसला बुलंद चोरों ने गढ़ी के कई घरों में चोरी करने का प्रयास किया। चोरों के हौसले से एक ओर ग्रामीण जहां दहशत में है वहीं पुलिस घटना से अनभिज्ञता जाहिर कर रही है। बताते है कि शुक्रवार की रात्रि के लगभग 2 बजे गांव के आधा दर्जन घरों में चोरी का प्रयास किया हालांकि गांव के लोगों की सक्रियता के चलते चोर अपने कार्य में सफल नही हो सकें ।चोरों के इस कारनामे से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। वहीं इस संबंध में बंथरा प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए बताया कि कहा चोरी हो रही है। हम लोग लगातार सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरी रात गश्त कर रहे है। पिछले दिनों में हुई कई चोरियों का खुलासा भी किया जा चुका है। जबकि सूत्रों की माने तो पुलिस की लापरवाही के चलते क्षेत्र में लगातार चोर सक्रिय हैं। चोरियो में इजाफा हो रहा है ।पुलिस न तो गस्त कर रही है और न ही चोरों को रोकने में मददगार साबित हो सकी है।

## संक्षेप

### एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर में संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में कुल 83 मामले आए जिनमें पांच का मौके पर ही निस्तान्तरण किया गया। सर्वाधिक 50 मामले राजस्व से सम्बंधित थे। 12 मामले पुलिस से सम्बंधित आये। समाज कल्याण 01 विकास से संबंधित 06 जबकि अन्य से सम्बन्धित 14 मामले आये । ग्राम गढ़ेवा थाना बारासगवर निवासी राकेश पुत्र बाबूलाल ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पिता की मौत 2015 में हो गई थी । अज्ञानता बस वह प्रमाण पत्र नहीं बनवा सका अब उसे प्रमाण पत्र की अत्यंत आवश्यकता है। ग्राम रसूलपुररताखेड़ा थाना बारासगवर निवासी इंद्रपाल सिंह ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके गाटा संख्या 256 जिसका रकबा 1.3130 हे० है । पड़ोसी खेत मालिक रामनाथ पुत्र शिवनंदन ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर खेत जाने वाले चकरोड को जबरन काट कर अपने खेत में मिल लिया है। इंद्रपाल ने तहसील प्रशासन से चकरोड खुलवाने की मांग की है। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलदार अर्शला नाज,नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला के साथ कानूनगो ,लेखपाल सहित पुलिस विभाग भी मौजूद रहा।

### बंदरो से ग्रामीण परेशान, दिया शिकायती पत्र

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव सूसू मऊ के निवासियों ने बंदरो के आतंक से पीड़ित होकर तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर वन विभाग की टीम भेजकर बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने की मांग की है। गांव निवासी विजय शंकर , रवींद्र, ओमप्रकाश , रोहित आदि ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं , लोगों के सामान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रधान द्वारा भी कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। इसलिए वन विभाग की टीम भेजकर बंदरों से निजात दिलाई जाए।

### धूमधाम से मनाई गई 12 वी पुण्यतिथि

शुक्लागंज, उन्नाव। चंपापुरवा स्थित पंचमुखी एवं चिंताहरण हनुमान जी महाराज मंदिर और श्री सीताराम बाबा आश्रम में श्री सीताराम महाराज जी की 12वीं पुण्यतिथि महोत्सव धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस, 7 सितंबर को, महाराज जी की शोभायात्रा, श्रृंगार और अभिषेक का कार्यक्रम हुआ। शोभायात्रा आश्रम से शुरू होकर मिश्रा कॉलोनी और राजधानी मार्ग होते हुए श्री दुर्गा मंदिर में समाप्त हुई। महोत्सव के अंतिम दिन, 8 सितंबर को, विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगर के साथ-साथ नासिक, जबलपुर, कानपुर और उन्नाव से भक्तों ने भाग लिया। नासिक से विलास शुक्ला, हरिश्चंद्र बाजपेई, रामू मिश्रा, छोटू भैया, पंकज, अनुज, अभिषेक, सोनू शुक्ला, अविचल चतुर्वेदी समेत अन्य सेवक उपस्थित रहे। श्री सीताराम बाबा आश्रम के पुजारी गोविंद दास जी ने इस भव्य आयोजन की जानकारी दी।

# गणेश महोत्सव की मची धूम, कई स्थानों पर विराजमान हुए गणपति बप्पा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गणेश महोत्सव की धूम मच गई है। शनिवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही गणेश महोत्सव का धूमधाम से शुभारंभ शुरू हुआ है। यह साल गणेश महोत्सव के लिए खास माना जा रहा है। क्योंकि इस बार नगर के कई नए स्थानों पर पहली बार गणेश महोत्सव का आयोजन हो रहा है ।गणेश महोत्सव की तैयारियां पिछले कई दिनों से जोरों पर थीं। बीते दिन ही नगर के विभिन्न स्थानों पर अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गईं। गणेश महोत्सव की तैयारियों में स्थानीय समितियों और निवासियों ने पूरा सहयोग किया। राजधानी मार्ग, पोनीरोड, मिश्रा कॉलोनी, द्वारिका मोहिनी, चंपापुरवा, नेहरू नगर, कंचन नगर शराब मिल और साकेतपुरी समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी ।गणेश महोत्सव के दौरान श्रीनगर और ब्रम्ह नगर में गणेश महोत्सव समिति द्वारा तिरंगा चौराहे पर विशेष आयोजन किया जाएगा। यहां पर भव्य पंडाल सजाए गए हैं और गणेश बप्पा की भव्य प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इस आयोजन की खास बात यह है कि यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और भक्तों के लिए विभिन्न मनोरंजन की व्यवस्थाएं की गई हैं।

दूसरी ओर, श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक दिलीप शुक्ला ने बताया कि शनिवार को गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा कृष्णा उपवन साकेतपुरी में गंगाघाट के राजा की पुष्प वर्षा के साथ भव्य बारात निकाली जाएगी। यहां पर गणेश महोत्सव के मौके पर विशेष सजावट की गई है। भव्य आयोजन की तैयारी की गई है ।नगर के अन्य स्थानों पर भी गणेश महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विभिन्न पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना विधि-विधान से की जाएगी और भक्तगण ढोल-नगाड़ों के साथ गणेश बप्पा का स्वागत करेंगे। पूजा-अर्चना के साथ-साथ स्थानीय कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। भक्तों को मनमोहक प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व-गणेश महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं है। बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का भी प्रतीक है। गणेश बप्पा के स्वागत के साथ ही पूरे नगर में खुशियां छा जाती हैं। लोग एकजुट होकर इस महापर्व का आनंद उठाते हैं। गणेश महोत्सव की यह उमंग और उत्साह नगरवासियों के बीच एकता और भाईचारे को प्रोत्साहित करता है ।सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व-गणेश महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं है। बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का भी प्रतीक है। गणेश बप्पा के स्वागत के साथ ही पूरे नगर में खुशियां छा जाती हैं। लोग एकजुट होकर इस महापर्व का आनंद उठाते हैं। गणेश महोत्सव की यह उमंग और उत्साह नगरवासियों के बीच एकता और भाईचारे को प्रोत्साहित करता है।

उन्नाव में गणेश महोत्सव का आगाज धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। नगर के विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की भव्य स्थापना की जाएगी। भक्तों के लिए विशेष आयोजन किए जाएंगे। यह महोत्सव सभी के लिए खुशियों का अवसर है। स्थानीय समुदाय के सामंजस्य और समर्पण को दशार्ता है। गणेश महोत्सव की इस बार की तैयारी और आयोजन नगरवासियों के उत्साह और भक्ति का परिचायक हैं।

# शिक्षक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में शिक्षक दिवस को लेकर आज शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय द्वारा 18 शिक्षकों व कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही ह्यवर्तमान परिस्थितियों में देश एवं समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिकाह्व विषय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम भारतीय परंपरा का निर्वाहन करते हुए माँ शारदे एवं सर्वपल्ली राधा कृष्णन के चित्र का माल्यार्पण एवं पूजन -अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्रयोगशाला सहायक अनिल कुमार यादव ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त दुबे ने मुख्य अतिथि विपिन द्विवेदी का माल्यार्पण, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का अभिनन्दन किया ।समारोह में मुख्य अतिथि विपिन द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक देश व समाज की प्रगति का मूल आधार है यदि शिक्षक निर्विवादित व निष्पक्ष शिक्षा न दे तो समाज में विकृतियों और विखंडनों का तूफान आ जाए वर्तमान परिस्थितियों में देश एवं समाज को उन्नति के नये सोपानों पर एक मात्र शिक्षक ही ले जा सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. मानस उपाध्याय ने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षक की भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। तकनीकी शिक्षा और अत्याधुनिक उपकरणों के प्रयोग के साथ-साथ परंपरागत व व्यवहारिक शिक्षा को भी अमल में लाना आवश्यक है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त दुबे ने वैदिककाल से लेकर अब तक शिक्षक की भूमिका पर डालते हुए कहा कि वैदिक काल से ही शिक्षक या गुरु की भूमिका राष्ट्र और समाज निर्माण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रही है परिस्थितियाँ चाहे जो रही हो किन्तु सच्चे और अच्छे शिक्षकों ने कभी भी अपने दायित्वों से मुख नहीं फेरा है। अंत में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा डॉ. एन. के. सिंह, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. मनीषा बाजपेई, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. विकास बाजपेई, अमित कुमार, विनीत कुमार, डॉ. अनुराग रावत, डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला, डॉ. दयानन्द मिश्रा, नन्हा सिंह,अनिल कुमार यादव, अनिल कुमार, योगेन्द्र सिंह, वरुण कुमार, डॉ. आलोक कुमार एवं डॉ. विमलेश कुमार आदि शिक्षकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के शिवनगर मोहल्ले में रहने वाले 35 वर्षीय ऑटो चालक देवेंद्र बाजपेई उर्फ राजन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। राजन की पत्नी ने जिला अस्पताल में उसे लाने के बाद करंट लगने से मौत होने की बात कही। जबकि राजन के भाई ने पत्नी और ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया ।राजन, जो मूल रूप से आसीवन थाना क्षेत्र के खैराबाद का निवासी था। पिछले एक साल से शिवनगर में पत्नी शोभा और बच्चे के साथ रह रहा था। वह परिवार की देखभाल के लिए ऑटो चलाता था। उसकी अचानक मौत की सूचना पर उसका भाई आशीष और अन्य परिजन जिला अस्पताल पहुंचे ।पत्नी शोभा ने राजन की मौत को करंट लगने का कारण बताया। लेकिन भाई आशीष का कहना है कि राजन की हत्या की गई है। आशीष ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ससुराल वाले उन्हें परेशान कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि शोभा ने उनके नाम पर खरीदी गई भूमि को अपनी मां के नाम करवा दिया और अब चार लाख रुपए की मांग की जा रही है। आशीष ने आरोप लगाया कि सास, ससुर, साले और उनके चाचा ने मिलकर राजन की हत्या की है और इस मामले की तहरीर पुलिस को दी है ।पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की जाएगी।

# वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विराजमान किए गए गणपति बप्पा

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर सहित समूचे क्षेत्र में गणेश महोत्सव बड़े ही धूमफतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर सहित समूचे क्षेत्र में गणेश महोत्सव बड़े ही धूमधाम से प्रारम्भ हुआ। वैदिक मन्त्र उच्चारण के साथ बप्पा गणेश की स्थापना करवाई गई।

### गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर

नगर पंचायत ऊगू में काली माता मंदिर में सार्वजनिक कार्यक्रम में तीसरी बार गणेश की स्थापना कर पांच दिवसीय बाबा गजानन के महोत्सव का शुभारम्भ जिसमें आचार्य ऋषिकांत मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण कर पुष्प माला अर्पित करवा कर नगर में तीसरी बार गजानन सरकार की स्थापना करवाई। जिसमे नगर की काली मंदिर की समित की टीम हर्ष मनु शुक्ला,राजेश पटेल,राम जी गुप्ता,सुच्चन श्रीवास्तव,रिंकू कनौजिया,अनुज कनौजिया, छेदी कश्यप, अरविंद, छोटू,र माकांत, दिनेश कश्यप सजीवन ,दीपांशु, आदि ने गजानन का भव्य दरबार सजाकर मूर्ति स्थापना की। शाम होते ही भजन कीर्तन सुनने व पूजन करने को लेकर पांडालों में भीड़ एकत्रित होने लगी ।गणेश महोत्सव में प्रति दिन भजन कीर्तन व आरती कर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विघ्नहर्ता गणेश की महिमा का बखान किया जाएगा व 12 सितंबर को सुबह दस बजे मूर्ति विषर्जन की विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।धाम से प्रारम्भ हुआ। वैदिक मन्त्र उच्चारण के साथ बप्पा गणेश की स्थापना करवाई गई।

### गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर

नगर पंचायत ऊगू में काली माता मंदिर में सार्वजनिक कार्यक्रम में तीसरी बार गणेश की स्थापना कर पांच दिवसीय बाबा गजानन के महोत्सव का शुभारम्भ जिसमें आचार्य ऋषिकांत मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण कर पुष्प माला अर्पित करवा कर नगर में तीसरी बार गजानन सरकार की स्थापना करवाई। जिसमे नगर की काली मंदिर की समित की टीम हर्ष मनु शुक्ला,राजेश पटेल,राम जी गुप्ता,सुच्चन श्रीवास्तव,रिंकू कनौजिया,अनुज कनौजिया, छेदी कश्यप, अरविंद, छोटू, रमाकांत ,दिनेश कश्यप सजीवन, दीपांशु, आदि ने गजानन का भव्य दरबार सजाकर मूर्ति स्थापना की। शाम होते ही भजन कीर्तन सुनने व पूजन करने को लेकर पांडालों में भीड़ एकत्रित होने लगी ।गणेश महोत्सव में प्रति दिन भजन कीर्तन व आरती कर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विघ्नहर्ता गणेश की महिमा का बखान किया जाएगा व 12 सितंबर को सुबह दस बजे मूर्ति विषर्जन की विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

# दबंगों ने बंद कर दी नली, नहीं निकलने दे रहे घरों का पानी

**अमन लेखनी समाचार**



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव सैंता के मजरा जियन खेड़ा में अभी तक कुछ घरों के सामने नाली तक नहीं बनी है जिससे घरों का पानी नहीं निकल पा रहा है। आगे पीछे के घरों के लोग भी मिट्टी आदि डालकर गन्दा पानी नहीं निकलने देते। नाली न बनी होने के कारण घरों का पानी यदि किसी तरह बाहर निकाला गया तो गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग गाली गलौज के साथ मारपीट करते हैं। ग्रामीणों ने ब्लाक स्तर के अधिकारीयों बी डी ओ,ग्राम सचिव, ए डी ओ पंचायत से लेकर तहसील तथा जिला प्रशासन तक के अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई हल नहीं हुआ। जिसके कारण शनिवार को तहसील दिवस में फिर प्रार्थना पत्र देकर नाली निर्माण की मांग करते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। गांव में नाली तक न बना होना ग्राम सचिव व जनप्रतिनिधियों की खाऊ कमाऊ नीति की ओर इशारा कर रहे हैं। गांव निवासी उमाकांती , विशुना, रोशनी और रामजीवन आदि ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि उनके घरों के आगे तथा पीछे नाली बनी है बीच में नाली में मिट्टी डालकर दबंगों ने बंद कर दिया जिससे घर का गन्दा पानी नहीं निकल पा रहा है। गांव की स्थिति स्वयं बयां कर रही है कि ग्राम सचिव से लेकर ब्लाक के अधिकारी कर्मचारी गांव के विकास और समस्या के प्रति कितने सजग है। ग्रामीणों ने तहसील दिवस में दिए प्रार्थना पत्र से समस्या से निजात की आश लगाई है।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा द्वारा तहसील सदर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 134, पुलिस विभाग की 26, विकास विभाग की 09, नगर पालिक की 09 सहित अन्य विभागों की 39 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 217 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में जनपद की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारित करें। इसके अतिरिक्त आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते हुए आख्या पोर्टल पर फीड करना सुनिश्चित करें ।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर परिसर में बनाए गए अनुपयोगी वस्तुओं से वेस्ट टू वंडर पार्क का शुभारम्भ/लोकार्पण जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शिलापट का अनावरण कर तथा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर पार्क में पौध रोपण भी किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील प्रशासन को अनुपयोगी वस्तुओं से बनाए गए पार्क हेतु शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर तहसील परिसर में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा वैशाली एवं शिवांश बच्चों का माला पहनाकर एवं खिलौने देकर अन्नप्राशन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, डीडीएजी मुकुल तिवारी, सीवीओ महावीर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी बीके दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, उप संभागीय वन अधिकारी संतोष कुमार वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता शारदा नहर शैलेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु गुप्ता, उप जिलाधिकारी न्यायिक प्रज्ञा पाण्डये, नायब तहसीलदार सदर पीयूष भार्गव, तहसीलदार सदर अविनाश चैधरी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# जुआ खेल रहे 6 युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस द्वारा मुखबिर की खास सूचना पर कई दिनों से लुका-छिपी कर खेल रहे 6 जुवाडियो को मौके पर ही गिरफ्तार कर उनके पास से इक्कीस हजार नौ सौ रुपये नगद,छः मोबाइल व ताश की गड्डी के साथ गिरफ्तार कर जुआं अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। ग्राम रौतापुर में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे संजय उर्फ योगेन्द्र पुत्र गंगा सिहं ग्राम माधवपुर , शैलेन्द्र कुमार उर्फ पिंकू पुत्र स्व0 श्रीकृष्ण धानीखेडा ,शिवम सिहं पुत्र रामप्रताप सिहं ग्राम चैनपुर थाना बिहार ,अखिलेश उर्फ अखिल पुत्र बिन्दादीन ग्राम रिसालखेडा थाना बारासगवर, सुशील कुमार पुत्र छेदी ग्राम नेवाजखेडा थाना मौरांवा व सत्येन्द्र सिहं पुत्र नरपति सिहं ग्राम रावतपुर थाना बारासगवर, को गिरफ्तार कर मौके से ताश के पत्ते व कुल 21,900/- रुपये एवं 6 अदद मोबाइल बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना बारासगवर पर मु0अ0सं0 119/2024 धारा 13 जुआ एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।



# एक माह भी नहीं चल सकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी एक्सरे मशीन




**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत औरास में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हालात इस प्रकार हैं कि क्या कहा जाए हालांकि लगभग एक माह पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में लगी एक्सरे मशीन जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत ने किया था जो एक्सरे मशीन एक माह भी नहीं चल सकी हालांकि कस्बा औरास निवासी धीरज गुप्ता पुत्र रामओतार गुप्ता ने बताया कि हम कई दिनो से सीने का एक्सरे कराने के लिए गए लेकिन खराब मशीन के कारण हमारा एक्सरे नहीं हो सका थक हार कर हमने प्राइवेट में एक्सरे करा अपना इलाज कराया इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अनूप तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक्सरे मशीन की फिल्म को प्रिंट करने वाला प्रिंटर खराब हो गया है संभवत सोमवार तक आ जाएगा उसके बाद में एक-रे की सेवाएं सुचारू रूप से चालू रहेगी।

# बिना रोक टोक चल रहा है हरे पेड़ों पर आरा

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बेखौफ हरियाली के दुश्मन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। वह आए दिन कहीं ना कहीं हरे भरे पेड़ों पर आर चलाकार उन्हें धराशाई करते रहते हैं। लेकिन वन विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो वन विभाग अधिकारियों की साठगांठ से ही लकड़ी माफिया अपने काम को अंजाम देते हैं। अगर मामला मीडिया की जानकारी में आता है तो यह अधिकारी मामूली जुमार्ना लेकर लकड़ी माफियाओं को छोड़ देते हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की साठगाँठ से ही यह लकड़ी माफिया अधिकतर छुट्टी वाले दिन ही अपने काम को अंजाम देते हैं। शनिवार को सरोजनीनगर में लकड़ी माफिया ने आम के हरे भरे पेड़ पर आरा चला कर उसे धराशाई कर दिया। यहां हाइडिल नहर से नटकुर की तरफ जाने वाली नहर के किनारे नटकुर पुलिया से पहले गौरी स्थित आम की बाग में लकड़ी माफिया ने डाल छटाई के नाम पर भारी भरकम आम के पेड़ों को काटकर गिरा दिया। आलम यह कि वन विभाग और संबंधित बीट के दरोगा की मिली भगत से तमाम मजदूर लगाकर पेड़ की कटाई होती रही। साथ ही कुछ मजदूर पेड़ कटाई में जुटे रहे और कुछ मजदूर वहीं पर छोटा हाथी वाहन में लकड़ी लादते रहे। इतना ही नहीं लोगों की नजरों से बचने के चक्कर में लकड़ी माफिया ने आनन फानन पेड़ की कटाई कर सारी लकड़ी वाहन में लादी और कुछ ही पल में वाहन सहित रफू चक्कर हो गया। इस मामले में जब सरोजनीनगर वन क्षेत्र के रेंजर से जानकारी करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं रिसीव हुआ। फिलहाल संबंधित जिम्मेदारों की साठ गाँठ के चलते सरोजनीनगर में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलन्द हैं। उधर इस संबंध में जब रेंजर सरोजिनी नगर डीसी पंत से बात की तो उन्होंने बताया कि मैने परमिशन दिया था पेड़ नहीं काटे डालिया काटी गई।

# सतगुरु महाविद्यालय में टेबलेट वितरण का किया गया आयोजन




**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बारा सगवर के धानी खेड़ा में डीजी शक्ति योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सतगुरु महाविद्यालय में टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ ।जिसमे एमए एवम एम एससी के 151 छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधक राहुल सिंह द्वारा टैबलेट प्रदान किए गए। टैबलेट पा कर छात्रों के चेहरे पे खुशी झलक उठी ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के पूजन अर्चन से हुवा नोडल अधिकारी अजय सिंह ने माल्यार्पण कर प्रबंधक राहुल सिंह का स्वागत किया और छात्रों को तकनीकी ज्ञान के बारे में विस्तार से बताया । छात्रों को बताया गया की इस टैबलेट की मदद से आप अपनी शिक्षा को कैसे गति प्रदान कर सकते है ।कार्यक्रम का संचालन सुमंत मिश्र बी एड विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक उदय राज अजय सिंह( नोडल अधिकारी) हरि ओम द्विवेदी ज्ञान प्रकाश कौशलेस द्विवेदी एवम उदय वीर सिंह कार्यालय अधीक्षक बृजेश त्रिवेदी पूती सिंह धर्मेन्द्र सिंह मोहित कुशवाहा अखिल पांडे आदि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालक को सर्प ने काटा, परिजन डिब्बे में कैदकर सर्प लेकर पहुंचे अस्पताल

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक किशोर को सांप ने काट लिया। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद किशोर के परिजनों ने तीन सांपों को डिब्बे में बंद करके जिला अस्पताल लेकर पहुंच गए। जहां डॉक्टरों ने सांपों की पहचान और किशोर का इमरजेंसी वार्ड में इलाज शुरू किया है ।जानकारी के अनुसार अवस्थी खेडा गांव निवासी आदित्य साहू (13) पुत्र रमेश साहू अपने घर में कुछ काम कर रहा था। अचानक, एक सांप ने उसे काट लिया। सांप के काटने से आदित्य की तबियत बिगड़ गई। वह दर्द में तड़पने लगा। परिजनों ने तुरंत राहत की उम्मीद में सांप के काटने के इलाज के लिए आसपास के लोगों से सलाह ली। लेकिन कोई ठोस उपाय न मिलने पर उन्होंने जिला अस्पताल जाने का निर्णय लिया। परिजनों ने तीन सांपों को एक डिब्बे में बंद कर लिया और आदित्य को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में पहुंचते ही, सांपों को देखकर अस्पताल में हड़कंप मच गया। अस्पताल के स्टाफ और डॉक्टरों ने इस अनोखी स्थिति को संभालने के लिए त्वरित कार्रवाई की ।जिला अस्पताल में जब आदित्य के परिजन सांपों को डिब्बे में लेकर पहुंचे, तो वहां मौजूद डॉक्टर और स्टाफ को काफी आश्चर्य हुआ। सांपों को देख डॉक्टरों ने तत्काल उनके चिकित्सकीय तैयारी शुरू कर दी। सांपों की पहचान की कोशिश की गई। डॉक्टरों ने परिजनों से पूछताछ की, कि इनमें से किस सांप ने आदित्य को काटा। उधर वार्ड में मौजूद मरीज और तीमारदार भी हैरान रहे ।डॉक्टरों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत आदित्य को प्राथमिक इलाज देने की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने सांपों की पहचान के लिए विशेषज्ञों को बुलाया और एंटी-वेनम (सांप के विष के इलाज के लिए दवा) की व्यवस्था की। इलाज मिलने के बाद आदित्य की स्थिति में सुधार हुआ ।डॉक्टरों ने बताया कि सांप के विष के प्रभाव को कम करने के लिए एंटी-वेनम की खुराक दी गई। साथ ही, आदित्य को लगातार निगरानी में रखा गया। उनकी स्थिति पर नजर रखने के लिए डॉक्टरों ने अतिरिक्त सावधानी बरती और आवश्यक दवाइयां और इलाज जारी रखा। आदित्य के परिजनों ने बताया कि उन्होंने सांपों को इसलिए डिब्बे में भरकर अस्पताल भेजा। डॉक्टर सांप की प्रजाति को पहचान सकें। सही इलाज सुनिश्चित कर सकें। उनके अनुसार, इस निर्णय ने अस्पताल में डॉक्टरों को सांप की प्रजाति और उसके विष के प्रभाव को समझने में मदद की।

## सम्पादकीय

# हर साल बाढ़ और जलभराव से बर्बादी क्यों झेल रहे हम

हर साल की तरह इस बार भी देश में मानसून के साथ ही बाढ़ की तबाही शुरू हो गई। असम से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड और हिमाचल जैसे कई राज्य बाढ़ का दंश झेलने को मजबूर हैं। पिछले कई दशकों से सरकारों की ओर से बाढ़ नियंत्रण को लेकर कई प्लान और दावे कागजों पर पेश किए गए लेकिन जमीन पर लोगों को उसका ज्यादा फायदा मिलता नहीं दिख रहा। गुजरात के बाद अब राजस्थान में भारी बारिश हो रही है। जोधपुर और उदयपुर में बाढ़ जैसे हालात हैं। जोधपुर-जैसलमेर रूट पर ट्रैक के नीचे की मिट्टी बह गई। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और त्रिपुरा में बारिश-बाढ़ के चलते पिछले 7 दिनों में 64 लोगों की जान गई। आंध्र में 17, तेलंगाना में 16 और त्रिपुरा में 31 लोगों ने जान गंवाई। त्रिपुरा में 72 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में मंगलवार देर रात लैंड स्लाइड में 3 लोगों की मौत हो गई। कई लापता हैं। राजधानी कोहिमा को दीमापुर से जोड़ने वाले एनएच-29 का एक हिस्सा पूरी तरह बह गया है। ये कुछ घटनाएं संकेत मात्र हैं। नुकसान इससे कहीं ज्यादा है। सच यह है कि दुनियाभर में बाढ़ से जितनी मौतें होती हैं, उसका पांचवां हिस्सा भारत में होता है। देश की कुल भूमि का आठवां यानी तकरीबन चार करोड़ हेक्टेयर इलाका ऐसा है जहां बाढ़ आने का अंदेशा बना रहता है। भारत में 39 करोड़ आबादी बाढ़ के खतरे वाले इलाकों में रहती है। देश में औसतन हर साल बाढ़ से 75 लाख हेक्टेयर भूमि प्रभावित होती है, 1600 लोगों की जानें जाती हैं तथा बाढ़ के कारण फसलों व मकानों तथा जन-सुविधाओं को होने वाली क्षति 1805 करोड़ रुपये औसतन है। पूरे देश में बाढ़ से तबाही के एक जैसे हालात हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो साल 1952 से 2018 के 65 सालों में देश में बाढ़ से एक लाख से अधिक लोगों की जानें जा चुकी हैं। 8 करोड़ से अधिक मकानों को नुकसान पहुंचा जबकि 4.69 ट्रिलियन से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ। असम, बिहार, बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्य बाढ़ की तबाही हर साल झेलते हैं। विशेषकर बिहार के करीब 74 प्रतिशत इलाके और 76 प्रतिशत आबादी बाढ़ की जद में रहते हैं। मकान, कारोबार, फसलों को हुए नुकसान पर एक अनुमान के मुताबिक बाढ़ के कारण भारत में पिछले 6 दशकों में करीब 4.7 लाख करोड़ का आर्थिक नुकसान हुआ है। इतना होने के बाद भी क्यों हम हर साल ये दंश झेलने को मजबूर हैं। यह देश की सच्चाई है कि हमारे हर शहर का एक मास्टर प्लान होता है, लेकिन उसका अस्तित्व केवल कागजों तक सीमित होता है। कागजों में यह भी दर्ज होता है कि शहर के कौन-से निचले इलाके हैं और उनके लिए पानी निकासी का रास्ता क्या होगा। शहर की एक पूरी जल निकासी व्यवस्था होती है, लेकिन यह योजना कभी लागू ही नहीं होती है। अगर सभी शहरों में पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक कर दी जाए, तो जलजमाव की 90 फीसदी समस्या का समाधान हो जाएगा। केवल सरकारें ही नहीं, बाढ़ के लिए कुछ हद तक हम और आप भी दोषी हैं। अगर हम अपने आसपास देखें तो पाएंगे कि नदी के किनारों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। इससे नदी के प्रवाह में दिक्कतें आती हैं और जब भी अच्छी बारिश होती है, बाढ़ आ जाती है। शहरों में बाढ़ आने का अन्य कारण जल निकासी व्यवस्था पर जरूरत से ज्यादा दबाव। हम लोगों ने नदी नालों के रास्तों को ही कंकरीट का जंगल बना दिया है। जब तक ये ठीक नहीं होंगे बाढ़ और जलभराव का दंश हमें हर साल सताता रहेगा।

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीमकोर्ट का ढीला-ढाला रवैया

> *इस पर्व में श्वेताम्बर परम्परा में आठ दिन एवं दिगम्बर परम्परा में दस दिन इतने महत्वपूर्ण हैं कि इनमें व्यक्ति स्वयं के द्वारा स्वयं को देखने का प्रयत्न करता है। ये दिन नैतिकता और चरित्र की चौकसी का काम करते हैं और व्यक्ति को प्रेरित करते हैं वे भौतिक और सांसारिक जीवन जीते हुए पराध के मामले में आरोपी को न्यायालय में पेशकिया जाएगा। न्यायालय द्वारा जो सजा दी जाएगी, वह अपराधी पर लागू होगी। यह कहकर उन्होंने बुलडोजर एक्शन का बचाव किया।*





सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश भर में बुलडोजर के माध्यम से आरोपियों की संपत्ति को बिना किसी सुनवाई के नष्ट किए जाने पर सुनवाई शुरू करदी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विश्वनाथन और न्यायाधीश बी आर गवई की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए बुलडोजर एक्शन पर नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम्कोर्ट ने कहा अगर कोई आरोपी दोषी भी पाया जाता है। उसके बाद भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। उसके अपराध के लिए जो सजा कानून में निर्धारित है, वही सजा उसे दी जा सकती है। आरोपी के अपराध की सजा उसके बच्चों या परिवार जनों को कैसे दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर सेपेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का, यह कहना कि कानून का उल्लंघन होने पर अवैध निर्माण को गिराया गया है। तुषार मेहता का कहना था, जब निर्माण कार्यों में कानून का उल्लंघन हुआ है, तभी बुलडोजरकी कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह कहते हुए बुलडोजर एक्शन का बचाव किया। अनधिकृत निर्माण को हटाया गया है। जो कानून संवत है, अवैध निर्माण हटाने से किसी अपराधी को अपराध की सजा नहीं दी गई है। अपराध के मामले में आरोपी को न्यायालय में पेशकिया जाएगा। न्यायालय द्वारा जो सजा दी जाएगी, वह अपराधी पर लागू होगी। यह कहकर उन्होंने बुलडोजर एक्शन का बचाव किया। इस सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट का यह कहना, वह अवैध निर्माण के संरक्षण के पक्षधर नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट बुलडोजर से अवैध निर्माण को हटाने के लिए देश में एक तरह के दिशा-निर्देश देने पर विचार कर रहे हैं। अब इस मामले की सुनवाई 17 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी। उत्तर प्रदेश में कई वर्षों से बुलडोजर एक्शन हो रहा है। उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बुलडोजर से न्याय करने की बात खुद मुख्यमंत्री कई बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं। उत्तर प्रदेश में किसीभी तरह का अपराध एक विशेष समुदाय के व्यक्ति द्वारा किए जाने पर तत्काल जिला प्रशासन के अधिकारी की संपत्ति को अवैध निर्माण बताकर तोड़ देते हैं। इस कार्यवाही से एक समुदाय विशेष के लोगों में आतंक फैलाने की कार्रवाई उत्तर प्रदेश से शुरू हुई थी। अब वह भाजपा शासित राज्यों से होते हुए अन्य राज्यों में पहुंचने लगी है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की ओर से यह कहा जा रहा है। अवैध निर्माण होने के कारण जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने की जो कार्यवाही की है, वह न्याय संगत है। जिस तरह की कार्रवाई की जा रही है, यह न्याय पालिका के संज्ञान में भी है। मीडिया में भी बुलडोजर के माध्यम से सरकार द्वारा तत्काल न्याय करने की बात कही जा रही है। यह भी न्यायपालिका के संज्ञान में है। उसके बाद भी यदि उस राज्य की हाईकोर्ट और देश की सुप्रीम कोर्ट मौन धारण करके रखती है। याचिका दायर होने के बाद भी कई महीनों तक उस पर सुनवाई नहीं होती है। उसके बाद यही कहा जा सकता है, नियम और कानून सरकारों एवं प्रशासकीयअधिकारियों पर नहीं होते हैं। नियम कायदे कानून केवल आम जनता के लिए हैं। सरकार जो भी काम है। वह नियम से ही करती है। ऐसी स्थिति मेंभविष्य में न्याय पालिका की जरूरत भी नहीं होगी। यह बात अभी दबे छुपे तरीके से कही जा रही है। जिस तरह से न्यायपालिका का संरक्षण केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को मिल रहा है। उसके बाद आमआदमी को न्याय मिलेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भीड़ तंत्र द्वारा जिस तरह से तत्काल न्याय किया जा रहा है। सरकारों और न्यायपालिका की चुप्पी के हजारों मामले देखने को मिल रहे हैं। न्यायपालिका की एक तरह से मोन सहमति माना जा सकता है। भारतीय न्यायपालिका का नया रूप है। पिछले 70 वर्षों में भारतीय न्यायपालिका ने स्वयं संज्ञान लेकर इस तरह के मामलों में नागरिकों के मौलिक अधिकार समय-समय पर संरक्षित किए थे। आपातकाल को मानव अधिकारों के हनन का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसका विरोध पिछले 50 वर्षों सकिया जा रहा है। आपातकाल कुछ महीनो के लिए विशेष प्रावधान के तहत लगाया गया था। सँसद ने इसकी स्वीकृति दी थी। समय के साथ आपातकाल के प्रावधान भी समाप्त हो गये। अघोषित आपातकाल के इस दौर में न्यायपालिका की चुप्पी लोगों को आश्चर्य चकित कर रही है। ऐसे ही न्यायपालिका सरकार के दबाव में रही, सरकार की इच्छा और अनिच्छा को ध्यान में रखकर न्याय देने का काम न्यायपालिका करेगी, तो नागरिकों का न्यायपालिका और भारतीय संविधान से मोह भंग होना तय है। पिछले वर्षों में जिस तरह से जिला प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण के नाम से एक समुदाय विशेष के लोगों के घरों को तोड़ा जा रहा है। उनकी संपत्ति को नष्ट किया जा रहा है। यह सब भय, दहशत और आतंक का वातावरण बनाने के लिए किया जा रहा है। सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है। उसके बाद भी यदि न्यायपालिका चुप रहती है, तो यही माना जा सकता है कि कानून के नाम पर सरकार और प्रशासन आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को समाप्त कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई शुरू कर दी है। जिस तरह से सुनवाई हो रही है, उसमें सरकार और प्रशासन के जिन लोगों द्वारा इस तरह की अवैध कार्रवाई की गई है। उसको लेकर सुप्रीम कोर्ट का रवैया सख्त रहेगा। जिन अधिकारियों ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। बुलडोजर एक्शन पर जिन अधिकारियों ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। यदि उन्हें व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराकर दंडित किया जाएगा। तभी लोगों का न्यायपालिका के ऊपर विश्वास बढ़ेगा। सरकार और प्रशासकीय अधिकारी न्यायपालिका और आम नागरिकों के अधिकार, बुलडोजर संस्कृति और तत्काल न्याय के नाम पर छीनने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट यदि कठोर कार्यवाही के निर्देश देता है, तभी इस तरह की कार्रवाई पर रोक लग सकती है।




डॉ. नितेश शर्मा


# संसार की श्रेष्ठ पदवी है शिक्षक गुरु-शिष्य संबंध आध्यात्मिक

गुरु-शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। जीवन में माता-पिता का स्थान कभी कोई नहीं ले सकता, क्योंकि वे ही हमें इस खूबसूरत दुनिया में लाते हैं। कहा जाता है कि जीवन के सबसे पहले गुरु हमारे माता-पिता होते हैं। भारत में प्राचीन समय से ही गुरु व शिक्षक परंपरा चली आ रही है, लेकिन जीने का असली सलीका हमें शिक्षक ही सिखाते हैं। सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। गुरु संसार की श्रेष्ठ पदवी है, जो अपने शिष्य को सर्वोत्तम बनाने के धर्म का निर्वहन करता है। केवल गुरु-शिष्य संबंध ही आध्यात्मिक संबंध है, क्योंकि गुरु ही ईश्वर का मार्ग दिखाता है। गुरु ही जीवन का रहस्य बताता है। गुरु ही मानव के जीवन से जुड़े लक्ष्य भेद को सिद्ध कराने में समर्थ हो सकता है। जिस भी साधक ने गुरु की महिमा को आत्मसात किया, वह भवसागर से पार हो गया। शरीर व आत्मा का तत्व दर्शन, जीव की मीमांसा, ईश्वर की खोज और संसार का आश्रय गुरु के मार्गदर्शन से ही संभव है। आत्मोद्धार के पथिक गुरु महिमा से पूर्ण सफलता पाते हैं। इसीलिए गुरु को पारंपरिक एवं मूल पथप्रदर्शक बताया गया है, जिस पर चलकर आत्मबोध की यात्रा सरल हो जाती है। ध्यान से देखें तो महान गुरु या शिक्षक ही जीवन का सच्चा निर्माता है। वह अपने बुद्धि कौशल से बच्चों के चरित्र का निर्माण करता है।

यह शिक्षक की महिमा ही है कि वह अपने गुरु से भी आगे बढ़कर अपने विद्यार्थियों को महान बनाता है। भगवान श्रीराम के लिए गुरु वशिष्ठ, पांडवों के लिए गुरु द्रोण और चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त के लिए आचार्य चाणक्य जैसे शिक्षक ही उनकी समग्र सफलता के स्रोत थे। विद्या दान की गुरु कृपा ही अपने शिष्यों का महिमामंडन करने का माध्यम सिद्ध होती है। हमारे यहां इतिहास में गुरु यानी शिक्षक को शिक्षा प्रक्रिया का केंद्र-बिंदु बनाया गया जो शिक्षा के उद्देश्य, उसकी विषय-वस्तु तथा उसके उपादान आदि सब को निर्धारित करता था। यह सब करने के लिए उसे आवश्यक स्वतंत्रता और सुविधा दी गई। गुरु की संस्था में समाज का भरोसा विकसित हो गया। देश के निर्माण में चाणक्य जैसे गुरुओं की भूमिका का अत्यंत प्राचीन इतिहास है। भारत में गुरुओं की अटूट परम्परा में अनगिनत नाम हैं। ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के कुछ प्रमुख नाम हैं याज्ञवल्क्य, यास्क , कपिल, कणाद, व्यास, पाणिनि, उदयन, चरक, सुश्रुत, पतंजलि, शंकराचार्य, अभिनवगुप्त, नागार्जुन, वसुबंधु, भास्कराचार्य, आर्यभट्ट तथा हेमचंद्र। इन लोगों ने ज्ञान की विभिन्न शाखाओं में गुरु परम्परा की अमिट छाप छोड़ी है जो अनेकानेक ग्रंथों से भलीभांति प्रमाणित है। व्यक्ति की जगह परम्परा प्रमुख रही है। सिख गुरु परम्परा स्वयं में एक अद्भुत उपलब्धि है। गुरुओं की यह परम्परा काल के थपेड़ों के बीच कुछ उतार-चढ़ाव के साथ प्रवाहमान रही है। देश-काल में बदलाव के साथ उसके रूप भी बदलते रहे हैं। गुरु और विद्यार्जन के केंद्र विद्यालय को समाज की मुख्य संस्था के रूप में अपनाया गया और उसे भरपूर समर्थन मिलता रहा। जीवनोपयोगी ज्ञान के लिए गुरु के निकट प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण था। गांवों और शहरों में भी विद्यालयों की अच्छी व्यवस्था को लेकर अंग्रेजों की आरम्भिक रपट विस्मयजनक है और कदाचित इसकी शक्ति को समझ कर ही उन्होंने भारतीय शिक्षा की कमर तोड़ने का षड्यन्त्र रचा और उनको आशातीत सफलता भी मिली। वस्तुतः विद्या मुक्ति की साधना है और गुरु या शिक्षक इसी विद्या की अनेक धाराओं का संगम। यदि किसी मनुष्य ने गुरु का मंत्र ग्रहण नहीं किया तो समझिए वह पृथ्वी पर भार स्वरूप है। ऐसा मानव कभी गुरु महिमा का विस्तार नहीं कर सकता। इसीलिए मनुष्य को गुरु का अनुशासन, प्रेम और आशीष समय पर प्राप्त कर लेना चाहिए। तभी वह गुरुभक्ति और गुरुशक्ति का वाहक बनने में सक्षम हो सकेगा। जिस प्रकार भगवान ने गुरु की ओर संकेत कर उन्हें स्वयं से श्रेष्ठ बताया, उसी तरह माता-पिता भी गुरु को अपने से श्रेष्ठ मानते हैं।

वास्तव में माता-पिता तो जन्म देकर पालन-पोषण करते हैं, लेकिन किसी को आदर्श मनुष्य का आकार देने वाला तो शिक्षक ही है

# 'अनेक जन्म संसिद्धि ततोः यांति परांगतिम'



संकलित

**दर्शन**

गीता में स्पष्ट कहा गया है कि 'अनेक जन्म संसिद्धि ततोः यांति परांगतिम'। अर्थात अपने पूर्व जन्मों के संचित कर्मों का फल भोगने के लिए ही जीवात्मा भौतिक शरीर में आता है और संसार में भ्रमण करते हुए वह भविष्य के लिए 'क्रियमाण कर्म' करता रहता है। इसका अर्थ यह हुआ कि मनुष्य जैसा कार्य इस समय करेगा, उसे उसी प्रकार का फल भविष्य में सहन करना पड़ेगा। मानवता को यदि सरल शब्दों में परिभाषित करना हो तो यही कहेंगे कि अपने आंतरिक सद्गुणों का विकास कर, हर मानव के साथ सद्व्यव्हार करना और दूसरों के आंतरिक सुषुप्त सद्गुणों को सुजग करना यही सच्ची मानवता है। किंतु आज हम सभी, भूखों को रोटी खिलाना या प्यासे को पानी पिलाना, इसीको मानवता समझते हैं, पर क्या इससे दुनिया में भूखे-प्यासे लोगों की संख्या घट गई? शायद नहीं! तो फिर क्या हम भूखों को रोटी खिलाना और प्यासे को पानी पिलाना छोड़ दें? बिलकुल नहीं! भारतीय संस्कृति तो हमें यही सिखाती है कि अपने पास यदि एक ही रोटी है, तो उसमें से भी आधी किसी भूखे को देकर उसकी दुआ का पात्र बनना चाहिए। परंतु आज समाज की स्थिति कुछ विचित्र सी हो गई है और इसीलिए ही मानवतावादियों को यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि भूखे को अन्न का दान और दीन हीन को धन का दान देने के साथ-साथ उन्हें सच्चे ज्ञान धन का भी दान देना आवश्यक है ताकि वह प्राप्त हुए भौतिक दान का सदुपयोग कर सकें और उसे गलत कार्य में लगाने से बच जाएं?

# जन्म से मृत्यु तक सिर्फ आनंद ही आनंद



संकलित

**प्रेरणा**

ओशो ने कहा कि अगर मैं कहता हूं कि हर किसी को अपना गिटार लेकर चलना होगा तो वे सभी मेरी निंदा करेंगे! हमें उम्मीद है कि हम एक दिन आनंद का अनुभव करेंगे, लेकिन हम केवल उसी की उम्मीद करते हैं, जिसका हमने अनुभव नहीं किया है। हमने आनंद का अनुभव नहीं किया है, इसलिए हम लगातार सोचते रहते हैं कि हमें कल, भविष्य में आनंद मिलेगा। अधिक कल्पनाशील शक्ति वाले लोग सोचते हैं कि उन्हें यह अगले जन्म में मिलेगा और जो लोग इससे भी अधिक काल्पनिक कल्पना करते हैं वे सोचते हैं कि उन्हें मृत्यु के बाद स्वर्ग में, किसी परम मुक्ति में आनंद मिलेगा। यदि मनुष्य ने आनंद को जाना होता, तो वे कभी स्वर्ग की कल्पना नहीं करते। स्वर्ग की कल्पना वे लोग करते हैं जिन्होंने कभी परमानंद का अनुभव नहीं किया है। जो उन्होंने अनुभव नहीं किया है, वे उसे स्वर्ग में पाने की आशा करते हैं। हम आनंद की खोज कर रहे हैं, हम खुशी की खोज कर रहे हैं, हम उसका सपना देख रहे हैं। इसी खोज के कारण तुम चूकते चले जाते हो। लाओत्सु कहता है, खोजोगे तो तुम चूक जाओगे क्यों, क्योंकि यह तुम्हारे भीतर है। इसे तभी पाया जा सकता है जब सारी खोज बंद हो जाए। खोजने का मतलब है कि तुम किसी चीज के पीछे भाग रहे हो, किसी छाया, किसी भ्रम, किसी सपने, किसी इच्छा के पीछे और जब तुम किसी सपने में व्यस्त होते हो, तो तुम भीतर नहीं देख सकते। जब तुम खोजे जाने वाले के पीछे भाग रहे होते हो, तो तुम खोजी में नहीं देख सकते, तुम अंदर की ओर नहीं मुड़ सकते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी क्यों

बारिश न हो तो सूखे के कारण सब्जियों के दाम में वृद्धि हो जाती है और अगर बारिश हो जाए तो भी सब्जियों के खराब होने के कारण दाम बढ़ जाते हैं। लेकिन इसका क्या हल निकाला जाए, यह शायद कोई नहीं सोचता है। देश में उगाई जाने वाली खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को देखकर तो यह लगने लगा है कि यह कहीं दूर विदेशों से आई हैं। देश के कुछ राज्यों में आजकल टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। यह किसी एक सब्जी की आसमान छूती कीमत की बात नहीं है। कभी प्याज तो कभी अन्य सब्जियों के मूल्य आसमान छू जाते हैं। कृषि प्रधान देश में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और फिर भी किसानों की दयनीय दशा सचमुच शर्मनाक है। सब्जियों की कीमतों को नियंत्रित किया जाना चाहिए।

*– मनहरण यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं



श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर मेरी शुभकामनाएं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं, लोगों को दूसरों की सेवा और देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह हमें अपने समाज में भाईचारे और सद्भाव के बंधन को आगे बढ़ाना भी सिखाता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ऐसा नहीं होने देंगे



देश के इतिहास में पहली बार किसी प्रदेश का राज्य का दर्जा छीन कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है। आज जम्मू-कश्मीर को बाहर से 'राजतंत्र' द्वारा चलाया जा रहा है। यहां का धन, अवसर, रोज़गार कश्मीरियों को नहीं, बाहर वालों को दिया जा रहा है, हम ये बिलकुल नहीं होने देंगे!

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### पोडियम फिनिशरों को बधाई



भारत ने पेरिस पैरालिंपिक में 20 मेडल जीतकर टोक्यो में 19 पदक के अपने पिछले रिकॉर्ड को पहले ही तोड़ दिया है। कल के हमारे 5 पोडियम फिनिशरों को बधाई। आपने सचमुच इतिहास रच दिया है।

**- सचिन तेंदुलकर, पूर्व क्रिकेटर**

### तथाकथित समाज-सेवक



इन तथाकथित समाज-सेवकों ने पूरे देश में गंदगी मचा रखी है। कभी गाय पाली नहीं, और चल देते हैं धर्म बचाने। प्रधानमंत्री जी ने भी पिछले वर्ष ऐसे लोगों को क़ानूनी सख़्ती से निपटने का आह्वान किया था।

**- कुमार विश्वास, भारतीय कवि**

## करंट अफेयर

# स्विट्जरलैंड बदलेगा 500 साल पुरानी तटस्थ नीति

रूस के साथ बढ़ती तल्खी को देखते हुए यूरोपीय देशों में खलबली मची हुई है। यही कारण है कि स्विट्जरलैंड अपनी 500 साल पुरानी तटस्थ रहने की नीति को बदलने पर विचार कर रहा है। फर्स्टपोस्ट के मुताबिक, यह नीति वैश्विक संघर्ष के दौरान स्वीट्जरलैंड के तटस्थ रहने की है। पिछले दिनों देश के अध्ययन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह खुलासा किया। रिपोर्ट में विशेषज्ञों के समूह ने सरकार से रक्षा रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। विशेषज्ञों के समूह ने सरकार को यूरोपीय संघ और नाटो के साथ "साझा रक्षा क्षमता" पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया है।



## ऑफ बीट

# आधा क्विंटल सोने से होता है दगड़ूशेठ गणपति का श्रृंगार

गणेश चतुर्थी हिंदू धर्म के लोकप्रिय और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस दिन विघ्नहर्ता गणेश का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। मुंबई के प्रभादेवी



इलाके में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर का गणेश उत्सव बेहद भव्य और आकर्षक होता है। महाराष्ट्र के पुणे में भगवान गणेश के जन्मोत्सव का नजारा बेहद खास होता है। बेहद खूबसूरत और रमणीय दगड़ूशेठ हलवाई गणपति मंदिर का इतिहास 100 सालों से भी ज्यादा पुराना और समृद्ध है। इस मंदिर का निर्माण व वास्तुकला इतना सरल और आकर्षक है कि मंदिर में स्थापित भगवान गणेश की मूर्ति और मंदिर परिसर में होने वाली सभी गतिविधियां बाहर से ही देखी जा सकती हैं।

## संक्षेप

### विद्युत करंट की चपेट से युवक झुलसा हालत गंभीर

सफीपुर, उन्नाव। विद्युत करंट की चपेट से युवक झुलस गया परिजन उसे सी एच सी लेकर आए गंभीर हालत देखते डा ने उसे जिला अस्पताल भेज दियाकस्बा के हाता बाजार निवासी जिशान 24 वर्ष पुत्र जावेद अपने घर के अंदर लगे दरवाजे पर पर्दा हटा रहा था इसी बीच युवक विद्युत करंट की चपेट मे आ गया परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते युवक को जिला अस्पताल भेज दिया।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव बरुआ घाट के मजरा ड ल्ला खेड़ा में रात में सो रहे एक व्यक्ति को जहरीले कीड़े ने काट लिया जिसे घरवाले बांगरमऊ सी एच सी ले गए जहां से रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर कानपुर के एक अस्पताल गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।ग्राम डल्लाखेड़ा निवासी रामबाबू पुत्र पुत्तीलाल ने कहा कि बीती रात उनके बड़े भाई लगभग पैंतीस वर्षीय रामचंद्र पुत्र पुत्तीलाल अपने घर में सो रहे थे। तभी देर रात उनके हाथ में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजन उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ ले गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रामचंद्र की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन रामचंद्र को उपचार के लिए कानपुर के एक अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने रामचंद्र को मृत घोषित कर दिया।मृतक मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।वह अपने पीछे पत्नी दो पुत्रों एवं एक पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गया है।भाई ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया जिसपर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अतिशबाज विस्फोट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के करनाईपुर में 29 अगस्त को हुए आतिशबाजी बाजी विस्फोट में घायल सर्वेश उर्फ महतू पुत्र राजकुमार की लखनऊ पी जी आई में ईलाज के दौरान शुक्रवार देर रात मौत हो गई । विगत हो करनाईपुर में 29 अगस्त को अवैध रूप से आतिशबाजी का काम कर रहे सुनील के बने मकान में अवैध रूप से भण्डारण किये विस्फोटक आतिशबाज में विस्फोट के चलते दो मंजिला मकान मलबे के ढेर में तब्दील हो गया था। मलबे के ढेर में सुनील व उनकी पत्नी बीना देवी तथा उनके यहां काम करने वाले सर्वेश उर्फ महतू 25 निवासी भवानी खेड़ा गंभीर रूप से झुलस तथा घायल हो गए थे जिनकी एक एक कर के मौत होती गयी। सुनील के तीन अनाथ हुए भावुक बच्चो को देख हर किसी का मन पसीज जा रहा है। उनके माता-पिता यहां तक कि बाबा की भी जिंदगी आतिशबाजी में ही चली गयी। पिछले चार दिनों से अविवाहित सर्वेश उर्फ महतू का इलाज संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में चल रहा था ।लेकिन शुक्रवार देर रात सर्वेश ने भी दम तोड़ दिया। शव का अंतिम संस्कार थाना बारासगवर के गढ़ेवा घाट पर कर दिया गया।

# तहसील नानपारा में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## डीएम ने की 04 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा दो बच्चों का कराया का अन्नप्रासन्न

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**



बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह सितम्बर के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय व पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार राय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

**वहीं नानपारा तहसील मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी ने आईसीडीएस के स्टाल पर 04 गर्भवती महिलाओं श्रीमती कृष्णावती, राजवन्ती, रेखा व रिंकी की गोदभराई की तथा दो बच्चों महिमा व रूही का अन्नप्रासन्न कराया।**

**उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 82 प्रार्थना-पत्रों में 11, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 22 में 02, पयागपुर में प्राप्त 109 में 07, कैसरगंज में 102 में 06, महसी में 42 में 06, सदर बहराइच में 29 में 03 का निस्तारण मौके पर किया गया।**

# कृषि उत्पादन को बढाने के लिए किसानो को दी गयी जानकारी

### वैज्ञानिको ने दी वैज्ञानिक विधि से खेती करने की सलाह

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज कृषि रक्षा इकाई के प्रांगण में आयोजित कृषि मेले का आयोजन किसानों की नई तकनीकों और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ शिशिर कुमार वर्मा ने तथा संचालन गोदाम प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह मौजूद रहे।मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों का उपयोग जरूरी है ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कृषि सुधार योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह ने किसानों से अपील की कि वे सरकार द्वारा दी जा रही सहायता योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कृषि में नई संभावनाओं और नवाचारों पर बल दिया, जिससे क्षेत्र के किसान अधिक उत्पादन कर सकें। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को जैविक खेती, उन्नत बीजों और जल प्रबंधन की नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी, जिससे फसलों की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कृषि मेले में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और नई तकनीकों की जानकारी ली। इस आयोजन ने किसानों को बेहतर कृषि तकनीक से जोड़ने का अवसर दिया और क्षेत्र में खेती की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक डा0 अरुण कुमार, सहायक विकास अधिकारी कृषि जगमोहन, आदर्श कुमार सहित कृषि विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी व सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया अपना 119वाँ स्थापना दिवस

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। जनपद का अग्रणी जिला बैंक बैंक ऑफ इंडिया ने अपना 119 वाँ स्थपाना दिवस मनायो इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक प्रबंधक ने बैंक ऑफ इंडिया RSETI में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया इस अवसर पर अचलिक प्रबंधक ने बताया कि उन्नाव जनपद में बैंक ऑफ इंडिया की २५ शाखाएं हैं सभी शाखाओं को गुणवत्ता पूर्ण ग्राहक सेवा हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश दिए हैं बैंक ऑफ इंडिया सभी ग्राहकों को सुगम, सरल एवं त्वरित बैंक सेवाएँ देने हेतु कटिबद्ध है इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया , सरकार द्वारा प्रायोजित सरकारी योजनाओ में जिले में सर्वाधिक ऋण किये हैं , प्रधान मंत्री मुद्रा योजना , प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना , एक जनपद एक उद्पाद , राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना , प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना इत्यादि योजनाओ में वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 759 लोगों को 20.55 लोगों को ऋण वितरित किये जा चुके हैं बैंक ऑफ इंडिया प्रधान मंत्री जहाँ धान योजना , सुरक्षा बीमा योजना , जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत सभी लोगों को आच्छादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है वृक्षारोपण कार्यक्रम में पंकज कुमार सिंह , धर्मेन्द्र द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# छः महीने पहले चोरी गये ट्रैक्टर ट्राली को एसओजी ने अभियुक्त सहित किया बरामद

### चोरी का खुलासा न होने पर एसपी ने एसओजी को सौंपी थी कमान

### एसपी के निर्देश पर एसओजी प्रभारी दिवाकर तिवारी ने किया चोरी का खुलासा

**अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल**



मोतीपुर, बहराइच। छः माह पूर्व थाना मोतीपुर क्षेत्र के मुख्य बाजार से हुई चोरी का एसओजी टीम ने खुलासा करते हुए अभियुक्त समेत ट्रैक्टर ट्राली बरामद करते हुए मोतीपुर पुलिस को सौपा है। वही मोतीपुर पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। मोतीपुर पुलिस 6 महीने से ट्रैक्टर ट्राली बरामद कर पाने में असफल थी। वही पीड़ित ने एसपी को पत्र सौंप कर ट्रैक्टर ट्राली बरामद करने की गुहार लगाई थी। पीड़ित द्वारा एसपी को पत्र देने के 10 दिन के भीतर ही एसओजी ने चोरी का खुलासा कर दिया। थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत मिहींपुरवा बाजार से 19 फरवरी 2024 की रात मुख्य बाजार में मनोज तिवारी के घर के सामने खडा नया स्वराज ट्रैक्टर ट्राली नम्बर यूपी 40 एजेड 6886 को चोर चुरा ले गये थे जिसपर ट्रैक्टर मालिक द्वारा मोतीपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ 78/24 धारा,379 चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। लगभग छः माह से अधिक समय बीत जाने पर ट्रैक्टर ट्राली का खुलासा न होने पर ट्रैक्टर ट्राली मालिक ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से मिलकर ट्रैक्टर ट्राली की चोरी के खुलासे के लिए एसओजी को लगायें जाने का प्रार्थना पत्र दिया जिसको संज्ञान में लेकर एसपी ने एसओजी को ट्रैक्टर ट्राली की चोरी के खुलासे के निर्देश दिये थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजी प्रभारी दिवाकर तिवारी ने टीम के साथ लखीमपुर खीरी जिले के थाना मजगई के ग्राम बबौरा बेला में गुड्डू के घर के सामने चोरी गये ट्रैक्टर ट्राली को खडे देखा जांच करने पर पता चला कि खडा ट्रैक्टर ट्राली चोरी का है जिसे बरामद करते हुए चोरी करने वाले गुडडू पुत्र बल्ला को गिरफ्तार किया इस दौरान एसओजी टीम को गांव वालों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा लेकिन स्थानीय पुलिस की सहायता से एसओजी टीम ने बरामद ट्रैक्टर ट्राली व चोर को मोतीपुर पुलिस को सौप दिया। मोतीपुर पुलिस द्वारा घटना का खुलासा करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी मिहींपुरवा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि अभी कुछ और चोरी में संदिग्ध है जिनका खुलासा जल्द किया जायेगा। चोरी का खुलासा करने वाली एसओजी टीम की लोग सराहना कर रहे हैं। वही क्षेत्रीय पुलिस के बारे में लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं कि यदि पुलिस ने मेहनत की होती तो चोरी का खुलासा बहुत पहले हो जाता।

# ईसीसीई की नई नियुक्त प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की बैठक आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। अखिल भारतीय कर्मचारी महासभा के बैनर तले एस आर मैरिज लॉन में एक ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश संरक्षक ओ. पी. सिंह के नेतृत्व में ईसीसीई ( प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा ) की नई नियुक्त प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की गई। यह बैठक संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में प्रत्येक जिले में आयोजित की जा रही है, ताकि इस पत्र को रद्द करवाया जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाएं 5 सितंबर 2024 से 10 सितंबर 2024 तक काली पट्टी बांधकर अपने केंद्रों का संचालन करेंगी। यदि सरकार इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती है और पत्र को निरस्त नहीं करती, तो एक बड़े कदम उठाया जायेगा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष नीतू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वैजयंती माला, संतोष सिंह नय्यरा, सरोज सिंह, उम्मे हामी, रेखा सिंह, मंजू, पुष्पा, चिंता, रामवती, कृष्णा सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# एमकेएबी एकेडमी स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। तेजापुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम मिजार्पुर में स्थित एमकेएबी एकेडमी मिजार्पुर स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट और गाइड का शिविर 5 सितंबर से 7 सितंबर तक आयोजित किया गया है। इस शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कठिन परिस्थितियों से निपटने की कला सिखाई गयी। प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ ध्वज शिष्टाचार तथा मार्च पास्ट के साथ किया गया। स्कूल के कार्यवाहक प्रबंधक आशीष कुमार मौर्य ने बताया कि यह प्रशिक्षण कक्षा 6 से कक्षा 08 के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से बिना बर्तन के भोजन बनाना, तम्बू बनाना, विभिन्न प्रकार की गांठ बनाना, घायल व बीमार को बिना स्टेचर के अस्पताल पहुंचाना तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति के शिकार व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने के हुनर सिखाये जा रहे हैं। प्रशिक्षक के रूप में जिला संगठन आयुक्त कन्हैया लाल पाण्डेय, ट्रेनिंग काउंसलर आदर्श मिश्रा रहे। शिविर समापन के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिवानी श्रीवास्तव, निशा मौर्या, यासमीन, आफरीन, निशा रायनी,महिमा मौर्या, मनोज यादव, अरविन्द चौधरी, निखिल मौर्य, सोनाली श्रीवास्तव, सोनी यादव एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# खेत पर काम कर रहे किसान को सर्प ने काटा हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। एक किसान अपने खेतों में फसल की रखवाली कर रहा था। देर रात सोते समय उसे सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।दही थाना क्षेत्र के सुजान खेडा टिकरगढ़ी गांव में रामकुमार ( 57 ) नामक किसान अपने खेतों में फसल की रखवाली कर रहा था जब देर रात उसे सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।रामकुमार शुक्रवार की रात अपने खेतों में फसल की रखवाली कर रहा था। इस दौरान सांप ने उसे काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने तुरंत निजी वाहनों की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, रामकुमार ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।मृतक के शव को वापस जिला अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर दही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की और मामले की जांच शुरू कर दी है। रामकुमार की मौत के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी पत्नी चंपा और चार बेटे, एक बेटी सहित पूरा परिवार गहरे शोक में डूबा हुआ है।

# भकला में उन्मुखिकरण गोष्ठी की हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत भकला में पीएमएवाई-जी सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी की पंचायत भवन में बैठक हुई। आवासहीन परिवारों को छत उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना को 5 वर्ष के लिए विस्तार दिया गया है शासन से जारी आदेश के अनुसार अब इस योजना के अंतर्गत 2028-29 तक पात्रों का चयन कर उन्हें आवास बनाने के लिए सहायता धनराशि दी जाएगी। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को ग्राम पंचायत सचिव राकेश वर्मा ने



जानकारी देते हुए बताया की जो लोग आवास योजना का अब तक लाभ नहीं उठा पाए हैं ये लोग पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किए गए सामाजिक आर्थिक सर्वे 2011 एवं आवास प्लस सर्वे 2018 में मिले उन आवासहीन परिवारों को भी लाभांवित किया जाएगा, जो किन्ही कारणों से अब तक योजना का लाभ नहीं उठा पाए हैं। सर्वे के बाद आवास प्लस 2018 की सूची में नए पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ा जाएगा। अब आवास पात्रता के कुछ नियम में बदलाव भी किए गए हैं जिन्हे ध्यान में रखते हुए पात्र लाभार्थियों को आवास की श्रेणी में रखा जाएगा। इस मौके पर प्रधान कमलेश पूर्व प्रधान श्याम सिंह वर्मा।

# पुलिस पाठशाला कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के कुशल नेतृत्व में और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद की अध्यक्षता में किंगसन इंटर कॉलेज में ₹पुलिस की पाठशाला₹ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और चालकों को सुरक्षा और कानून के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। साइबर क्राइम पर चर्चा करते हुए उप निरीक्षक अयोध्या प्रसाद और आरक्षी शमशुद्दीन ने साइबर ठगी और वित्तीय अपराध के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों से कैसे बचा जा सकता है और ठगी का शिकार होने पर टोल फ्री नंबर 1930 और साइबर क्राइम की वेबसाइट के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है।यातायात विभाग के उप निरीक्षक तिलक सिंह और निरीक्षक भवन सिंह मौर्य ने ई-चालान और यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में दुर्घटनाओं से बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को सिखाया कि किस प्रकार यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। कैसे ई-चालान प्रणाली की मदद से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कम किया जा सकता है।महिला सहायता प्रकोष्ठ के निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह और उप निरीक्षक मिथिलेश वर्मा ने महिलाओं को सशक्त बनाने के टिप्स साझा किए। उन्होंने आत्मरक्षा के तरीकों और सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।जिससे महिलाएं किसी भी असुरक्षित स्थिति में तुरंत मदद प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष श्रीवास्तव और डॉ. मनीष सिंह सेंगर ने किया। जिन्होंने इसे सुव्यवस्थित और जानकारी पूर्ण बनाया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान दें।प्रधानाचार्या शाहिद फातिमा और प्रबंधक अहमद मोहनीश ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों को पुष्प और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस तरह के आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। बल्कि समाज में सुरक्षा और कानून के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

### थाने से चंद कदम की पर रखा विद्युत ट्रांसफार्मर चोरों ने किया पार

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। भारी भरकम विद्युत ट्रांसफार्मर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर रखा था जिसे चोरों ने पार कर दिया पड़ोसी दूकानदार ने थाने में तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी कोतवाली बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत थाने से चंद कदम दूर इंटर प्राइजेज के सामने चबूतरे पर रखा 63 के वी विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी हो गया जिसकी भनक किसी को नहीं लगी सुबह ट्रांस फार्मर के पास दुकानदार प्रतिदिन की भाति दूकान खोलने के लिए पहुंचा तब देखा कि ट्रांस फार्मर नहीं है पता नहीं चलने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दिया कहा कि यह ट्रांस फार्मर लगभग 05कुंतल का था जिसे चार य पांच लोगों ने किसी चार पहिया वाहन में लाद कर ले जा सकते है कोतवाली के चंद कदम पर दूरी पर रखा भारी भरकम विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी हो जाना एक गंभीर विषय है जिससे कहीं न कहीं सक्रिय चोर गिरोह का इसमें हाथ है इन चोरों को यदि जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो शीघ्र ही क्षेत्र में अन्य बड़ी घटनाएं घटित हो सकती है क्षेत्र की जनता में पुलिस पर भी कई सवाल उठ रहे हैं

### महिला के परिजनो ने काटा हंगामा, पुलिस ने कराया शांत

शुक्लागंज, उन्नाव। गांधी नगर निवासी मनोज अवस्थी की पत्नी अभिलाषा अवस्थी शनिवार दोपहर करीब बारह बजे पूजन की सामग्री लेने के लिये निकली थी, इस दौरान फोरलेन पर बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गुस्सा गई और परिजनों को सूचना दी। इस दौरान बाइक सवार मौके से भाग निकला। दुर्घटना के बाद अभिलाषा ने अपने घर फोन किया, जिसके बाद उनके पति मनोज अवस्थी और बेटा मौके पर पहुंचे। अभिलाषा और उनके परिवार ने नगर पालिका प्रशासन को दोषी ठहराते हुए सब्जी मंडी को हटाने की मांग की और धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा काट रहे महिला और उसके परिवार को समझा बुझाकर शांत कराया।

# मृदा परीक्षण कार्य का किया गया शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। शुक्लागंज और कानपुर के बीच पुराने यातायात पुल के समानांतर एक नए पुल का निर्माण जल्द ही शुरू होगा। राज्य सेतु निगम के निर्देश पर, गंगा के किनारे पश्चिमी दिशा में मृदा परीक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। यह परीक्षण अगले कुछ दिनों तक चलेगा। जिसमें मिट्टी की गहराई तक जांच की जाएगी।

वर्तमान में, शुक्लागंज से कानपुर जाने के लिए एक ही पुल उपलब्ध है। जिससे रोजाना भारी ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न होती है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी आदेश के बाद, राज्य सेतु निगम ने इस मार्ग पर एक और पुल के निर्माण के लिए सर्वे और मृदा परीक्षण शुरू कर दिया है। यह पहल शुक्लागंज के निवासियों के लिए राहत की खबर है, क्योंकि नए पुल के निर्माण से यातायात की समस्याओं में कमी आएगी और पुराने पुल के आसपास के ट्रैफिक को सुगम



बनाने में मदद मिलेगी।राज्य सेतु निगम के सुपरवाइजर अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि मृदापरीक्षण का काम अगले पांच से छह दिनों तक जारी रहेगा। इस परीक्षण में मिट्टी की 150 फीट गहराई तक जांच की जाएगी, और एकत्रित सैंपल लखनऊ की लैब में भेजे जाएंगे। इस प्रक्रिया का उद्देश्य नए पुल की नींव को मजबूत बनाने के लिए सही मिट्टी की गुणवत्ता और संरचना की जानकारी प्राप्त करना है।नए पुल के निर्माण के लिए विशेष ध्यान गंगा नदी पर दिया जाएगा। ताकि फाउंडेशन की मजबूती सुनिश्चित की जा सके। पुल की नींव 100 फीट ( 30 मीटर ) गहरी बनाई जाएगी। मृदा परीक्षण टीम ने बताया कि मिट्टी के हर डेढ़ मीटर की गहराई से सैंपल एकत्र किए जाएंगे। विस्तृत जांच के लिए भेजे जाएंगे।मृदा परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर पुल की निर्माण योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। जिससे पुल की संरचना और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही, पश्चिमी गंगाघाट का विकास भी चार गुना बढ़ेगा। जिससे क्षेत्रीय विकास को नया आयाम मिलेगा। स्थानीय जनता को यातायात की समस्याओं से राहत मिलेगी।शुक्लागंज और कानपुर के बीच नए पुल का निर्माण न केवल यातायात की समस्या को हल करेगा। बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। जो कि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# संक्षेप

## मेरठ में हाई-स्पीड ट्रक ने छात्रा को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के परतापुर में मामा के बेटे के साथ बाइक पर स्कूल जा रही छात्रा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल है। छात्रा अपने मामा के बेटे के साथ बाइक पर स्कूल जा रही थी। तभी गगोल रोड पर अछरोंडा मोड के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल है। ट्रक चालक ट्रक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। हाथरस की रहने वाली 15 साल की छात्रा नेहा, शताब्दी नगर के रहने वाले अपने मामा सुरेश के घर पर रहकर नौवीं क्लास में वनस्थली स्कूल में पढ़ती थी। गुरूवार की सुबह 9:45 बजे वह अपने भाई के साथ बाइक पर स्कूल के लिए निकली थी। जब बाइक गगोल रोड स्थित अछरोंडा मोड़ पर पीर के निकट पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्रा की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंच गए और कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक को कब्जे में लेने के बाद आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## बुलंदशहर में पूर्व प्रधान के हत्यारों से पुलिस की मुठभेड़

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर में सलेमपुर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि सलेमपुर पुलिस चिटटा गेट के पास संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। बाइक पर सवार होकर आ रहे तीन व्यक्तियों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर बदमाश सलेमपुर की ओर भागने लगे। बदमाशों ने खुद को पुलिस से घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। मौके का फायदा उठाकर दो बदमाश भागने में सफल रहे। गिरफ्तार हुए घायल बदमाश की पहचान बबलू उर्फ बालवीर पुत्र भगवत गांव मंसूरपुर थाना अरनिया के रूप में हुई।

# गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, साफ -सफाई कराने की मांग



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर में बजबाजा रही नालिया और गंदा पानी और बढ़ रहे मच्छरों के प्रकोप को लेकर करीब एक दर्जन ग्रामीणों ने गांव पर प्रदर्शन कर साफ सफाई व्यवस्था ठीक कराने की मांग किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा की गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

गांव का सीसी रोड और नालिया एक मिली हुई और गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। सफाई व्यवस्था ठीक न होने से नालिया बजबजा है। और गंदा पानी इकठ्ठा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ चुका है। जिसके संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग है की गांव की साफ सफाई व्यवस्था ठीक कराया जाय जिससे ग्रामीणों को गंदगी से छुटकारा मिल सके। प्रदर्शन करने वालो में शंकर शर्मा, विनय, अमरजीत, भरत, तीर्थराज, सहाबु, स्वामीनाथनिरंजन, साहिल मौजूद थे।

## देशी शराब की दुकान हटाने के लिए शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत में स्थित देशी शराब की दुकान को किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी सहजनवा से शिकायत दर्ज कराई है।सुरेश यादव निवासी भीटी रावत टोला चकिया ने आरोप लगाया है। कि देशी शराब की दुकान हनुमान मंदिर के समीप स्थित है। जहां दुकान भोर में 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहा है। उसी रास्ते से स्कूली बच्चे और महिलाएं गुजरती है जो नशेड़ियों की शिकार होती रहती है। प्लास्टिक की गिलास और बोतल सड़क पर फेक दिया जाता है। जिससे जिन्दगी का अंबार लगा रहता है। जिसे जलाने पर प्रदूषण फैलता है। जिससे ग्रामीणों परेशान है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता ने कहा है की शिकायत मिली है। जांच के लिए आदेश दिया गया है।

# बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशन के 2758 छात्रों को मिला स्मार्ट फोन, छात्रों के खिले चेहरे

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित खबर बुद्धा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी गीडा गोरखपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत 2758 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक दीपक गुप्ता एवं संस्थान के सचिव डा0 रजत अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि दीपक गुप्ता ने कहा कि आप सभी युवा भारत के भविष्य है। नये भारत के निर्माण में आपकी अग्रणी भूमिका रहेगी देश को आपसे अत्यधिक अपेक्षा है कि आप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग प्रदान करेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के सचिव डा0 रजत अग्रवाल ने कहा कि आप सभी डिजिटली सशक्त हो ऐसी उत्तर प्रदेश व केन्द्र सरकार की मंशा है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके सदुपयोग से हम उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश बना सकते हैं। अतिथियों का स्वागत निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल एवं आभार ज्ञापन निदेशक डा0 अरविन्द कुमार पाण्डेय ने किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 82 मामले, निस्तारण नहीं




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता ने किया। इस दौरान 82 मामले आए थे। लेकिन किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व 43, पुलिस 14, विकास 3, समाज कल्याण 2अन्य 20 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। पुलिस के मामले के लिए जांच कर कारवाई केंद्र का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, दुर्गेश चौरसिया, राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार, भानु प्रसाद, सतीश तिवारी सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# फतेहपुर केसरी कमल ने राजस्थान के टारजन को दी पटखनी

### दंगल देखने को उमड़ी भीड़, दावपेच देख दर्शक हुए रोमांचित

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ।खजुहा विकास खंड बरेठरखुर्द में आयोजित विराट दंगल मेला में पहलवानों ने शानदार पहलवानी से सबका दिल जीत लिया। कुश्ती में नेपाल, राजस्थान, पश्चिम बंगाल व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के नामी पहलवानों ने करतब दिखाये ।कुल 37 कुश्तियो में ढेड़ दर्जन से अधिक पहलवानों ने दावपेच मे अपनी जोर आजमाइश से एक दूसरे को पटखनी दी ।नेपाल काठमांडू से बसंत थापा व पश्चिम बंगाल से आये शैतान सिंह के बीच कुश्ती हुई जिसमे नेपाल के पहलवान ने शैतान सिंह को पटकनी दी ।इस शानदार कुश्ती में दर्शको ने दातों तले उगली दबा ली पहलवानों को इक्यावन सौ का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।फाइनल कुश्ती इक्यावन हजार मे फतेहपुर केसरी पहलवान कमल सिंह यादव को ललकारने वाले राजस्थान के टारजन के बीच हुई ।पहलवानों ने आठ मिनट तक अखांडे मे एक दूसरे को पटखनी देने को दाव पेच लगाते रहे ।अंत मे कमल ने टारजन को पटखनी देकर दंगल की फाइनल कुश्ती जीत लिया ।कुश्ती देखने को मवईया, कोरसम, जलाला, अदमापुर, मुरकुटा, वीरपुर, बहरौली आदि गाँवो से लोग पहुँचे ।विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने हाथ मिलवा के पहलवानों का उत्साहवर्धन किया ।युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने जनपद के लिए शान से लड़कर विजेता फतेहपुर केसरी कमल यादव पहलवान का स्वागत किया। आयोजकों में नौसेना के सैनिक सतेंद्र सिंह ने आभार जताया ।प्रधान कालीदीन विश्वकर्मा, मनोज सिंह भदौरिया अभाक्षमहासभा जिलाध्यक्ष कानपुर, अरुण शुक्ला निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, जयवेंद्र सिंह, ऋषभ सिंह जनसेवक, अनुराग सिंह, राज सिंह, विक्रम तोमर, अभय तोमर जी( नौसेना ), संगम सिंह आदि रहे।

# मकान से गिरकर घायल हुए राजगीर मिस्त्री की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत खजुआ कस्बे में गोपाल गुप्ता पुत्र सुमन गुप्ता के घर में शुक्रवार को शाम को राजगीर मिस्त्री महेंद्र उम्र 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जयकरण निवासी ग्राम नंदापुर कोतवाली बिंदकी काम कर रहा था दूसरी मंजिल में काम करते समय अचानक पटरा खिसक गए जाने से वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद फतेहपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया और उसे इलाज के बाद नन्दापुर गांव छोड़ दिया गया वहीं शनिवार की सुबह फिर हालत बिगड़ने से परिजनों में हड़कंप मच गया और उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिस पर मृतक के भाई सुरेंद्र ने पुलिस को तैयारी दी है।

## किशोरी को भगाने के आरोप में दो पर केस दर्ज

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय किशोरी वृहस्पतिवार को शाम को 7 बजे के करीब घर से शौच के लिए निकली थी। जो देर रात्रि तक घर नहीं पहुंची। परिजन ने खोजबीन किया तो पता चला की सहजनवा थाना क्षेत्र के माट निवासी दो लोग किशोरी को भगा ले गए है। किशोरी के मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गुड्डू पुत्र लक्ष्मण और गगनी देवी पत्नी लक्ष्मण निवासी माट थाना सहजनवा के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

## विवाहिता को मारने पीटने और उत्पीड़न करने पर आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। धौरहरा थाना कोतवाली जिला संत कबीरनगर निवासी वीरेंद्र प्रताप यादव ने अपनी बहन संभवाती की शादी भीटी रावत निवासी शिवशेरा रावत के साथ 2010 में की थी। जिससे 11 वर्ष का पुत्र भी है। शादी के बाद से ही आए दिन बहन को पति और ससुराल के लोग मारा पीटा करते थे। और उसे यातना दिया करते थे। जिससे बहन बीमार पड़ गई। और ससुराल के लोग इलाज भी नही करा रहे है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति शिवषेरा रावत, ससुर सूर्यवंश रावत, सास नाम अज्ञात, देवर सोनू रावत, रामा रावत, ननद विनिता रावत के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारने पीटने का केस दर्ज कर लिया है।

## बाजार में खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मझौरा निवासी अंगद कुमार पुत्र पुतली सहजनवा थाना क्षेत्र भीटी रावत टीबीएस बाइक से बाजार करने आया था। बाइक खड़ी कर बाजार करने चला गया। वापस आया तो बाइक गायब थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने किया अवलोकन

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में श्री सोहन लाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कालेज बिन्दकी परिसर पर जिलाधिकारी सी.इंदुमती की अध्यक्षता व विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकताओं की समस्याओ को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतो को मौके पर जाकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, समय से निस्तारण किया जाय, कोई भी शिकायत लंबित न रहे, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण मे आवश्यकतानुसार राजस्व व पुलिस बल की सयुंक्त टीम मौके पर जाकर उसका नियमानुसार निस्तारण कराया जाय, साथ ही निस्तारण की कार्यवाही की फोटो ग्राफी /वीडियोग्राफी भी कराई जाय। उन्होंने राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया अपने-अपने क्षेत्र की ग्राम समाज /आरक्षित भूमि को चिन्हित कर यथा स्थिति की रिपोर्ट से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि धारा -67 के आदेश के पश्चात राजस्व निरीक्षक /लेखपाल द्वारा नियमानुसार बेदखली/ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नहीं की गयी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिये, यदि उसमे किसी न्यायालय से कोई स्टे आदेश न हो। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतो का समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी में कुल 334 शिकायतें प्राप्त हुई, के सापेक्ष 23 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान के पश्चात जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक /राजस्व लेखपालों को दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि आप लोग राजस्व की बेसिक कड़ी है, इसलिए निष्पक्ष होकर संवेदनशीलता से कार्य करे एवं शिकायतों का निस्तारण समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से करे। उन्होंने कहा कि आपदा, कृषक दुर्घटना आदि के मामलो में नियमानुसार त्वरित रिपोर्ट लगाये। जिससे कि पीड़ित के परिवारजनो को अनुमन्य लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बिना धारा -24 के पैमाइश का न कार्य करे, धारा -67 के आदेश के पश्चात राजस्व निरीक्षक /लेखपाल नोटिस देते हुये नियमानुसार बेदखली/ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0, सी0एम0 पोर्टल, ऑनलाइन व अन्य माध्यमो से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण करें, शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करे, के लिए पक्ष -विपक्ष को पूर्व में सूचित अवश्य करे साथ ही निस्तारण की कार्यवाही की फोटोग्राफी/वीडियो ग्राफी भी कराये। उन्होंने राजस्व निरीक्षक /लेखपालों के कार्यों पर निरंतर निगरानी बनाये रखने के निर्देश तहसीलदार /नायब तहसीलदार को दिये। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बिन्दकी अर्चना अग्निहोत्री, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार बिन्दकी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डी0 आर0डी0ए0 सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सीवर लाइन योजना बुलंदशहर में बनी अभिशाप

- जल निगम और नगर पालिका ने नरक में किया तब्दील, सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे

संवाददाता अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर नगर के लोग इन दिनों सीवर लाइन योजना के अभिशाप से गुजर रहे हैं। जल निगम और नगर पालिका ने बुलंदशहर को नरक में तब्दील कर दिया है। बुलंदशहर का ऐसा कोई मार्ग नहीं और ऐसी कोई गली नहीं, जोकि गड्ढों में तब्दील न हो गई हो। बुलंदशहर की सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है, यह कोई नहीं समझा सकता। बुलंदशहर की मुख्य सड़कों से लेकर गली मोहल्लों की सड़कें पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। बरसात के दौरान आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन लोगों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। बुलंदशहर में करोड़ों रुपए खर्च करके बिछाई गई सीवर लाइन योजना अब बुलंदशहर के लोगों के लिए अभिशाप बन चुकी है। करीब 400 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करके बनाई गई इस योजना से यहां के लोगों की मुसीबत बढ़ गई है। अधिकांश जगहों पर सीवर लाइन चोक हो रही है। इसे खोलने के लिए आये दिन सड़कों को खोदा जा रहा है। खोदने के बाद सड़कों को ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। न तो जल निगम इन्हें ठीक करता है और न ही नगर पालिका प्रशासन कुछ कार्रवाई करता है। बुलंदशहर की खस्ता सड़क हाल पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का एक वीडियो भी इन दिनों वायरल है ।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधानसभा चुनाव से पहले 2016 में नुमाइश ग्राउंड में आयोजित एक सभा में रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव पर घोषणा की थी कि आज मैं बुलंदशहर को सिर्फ देने आया हूं। सांसद भोला सिंह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि मांगों भोला सिंह क्या मांगते हो। मैं न सिर्फ तुम्हे रिंग रोड दूंगा बल्कि तुम्हारे मांगने से भी ज्यादा तुम्हें यहां देने आया हूँ। उन्होंने तब घोषणा की थी कि बुलंदशहर में रिंग रोड का निर्माण किया जाएगा। लेकिन 8 साल बीत जाने के बावजूद आजतक इस रिंग रोड का कोई अता पता नहीं है। बुलंदशहर में इस समय रिंग रोड की काफी जरूरत है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में दी गई जानकारी

### प्रधानों व बीडीसी मौके पर मौजूद रहे, मानक के अनुसार मिलेगा लाभ



अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर ब्लॉक में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बारे में प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख चौधरी अतुल कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन का जिम्मा बीडीओ मोकमसिंह ने संभाला। बीडीओ मोकमसिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे घरों और आवासहीन परिवारों को पक्की छत प्रदान करने के उद्देश्य से हर ग्राम पंचायत में पात्रता का सर्वेक्षण आवास प्लस एप के माध्यम से शुरू किया जाएगा।

# जालौन में किशोरी ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

- घर में गई मां तो फंदे से लटकी मिली बेटी, फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन में सुबह एक 14 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। किशोरी ने फांसी उस वक्त लगाई जब उसके पिता दुकान पर गए थे। मां घर के बाहर गई थी। इस घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को हुई, मौके पर पहुंची। जहां फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच करने के बाद किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि किशोरी ने किन परिस्थितियों में फांसी लगाई है। मामला जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला हृदयशाह गढ़ा की है। यहां के रहने वाले महेंद्र कुमार बाथम की पुत्री शिवानी उर्फ कल्लो ( 14 ) ने गुरुवार सुबह घर के आंगन के बरामदे में हुक पर साड़ी का फंदा बनाकर उससे लटककर संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवानी ने इस घटना को तब अंजाम दिया। जब उसके पिता महेंद्र कुमार बाथम अपने समोसे की दुकान पर गए हुए थे और मां घर के बाहर बैठी थी। जब उसकी मां घर के अंदर आई तो उसने आंगन की बरामदे में बेटी को फांसी पर झूलता हुआ देखा, उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसे सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। जहां शिवानी को फांसी पर झूलता हुआ देखा तत्काल इसके बारे में उसके पिता महेंद्र को जानकारी दी। जो मौके पर पहुंची और उन्होंने पुलिस को इस घटना के बारे में सूचना दी। जानकारी मिलते ही सर्किल जालौन के क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई के साथ जालौन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पटेल और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जिन्होंने मामले की जांच करते हुए एफएसएल करते हुए किशोरी के सब को नीचे उतर कर कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# मकनपुर मे की गई प्रधानमंत्री आवास हेतु जागरूकता गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। विकासखंड नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत मकनपुर में ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में पीएमएवाई सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्टी का आयोजन पंचायत भवन के प्रांगण में किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना को 5 वर्ष के लिए विस्तार दिया गया है। शासन से जारी आदेश के अनुसार इस योजना के अंतर्गत 2028 /29 तक पात्रो का चयन कर उन्हें आवास बनाने के लिए सहायता राशि दी जाएगी। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि जो लोग आवास योजना का अब तक लाभ नहीं उठा पाए हैं। वह लोग पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आर्थिक सर्वे 2011 एवं आवास प्लस सर्वे 2018 में मिले आवास हीन परिवारों को भी लाभान्वित किया जाएगा जो पात्र किन्ही कारणों से अब तक योजना का लाभ नहीं पाए हैं उन पात्र लाभार्थियों को सर्वे के बाद आवास प्लस 2018 की सूची में नाम जोड़ा जाएगा। आवास पात्रता के नियम में कुछ बदलाव भी किए गए हैं जिन्हें ध्यान में रखते हुए पात्र लाभार्थियों को आवास की श्रेणी में रखा जाएगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि राजितराम, पंचायत सहायक प्रभादेवी, सफाई कर्मी राजेश वर्मा, मोतीलाल, शिवकुमार साहू आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ब्लॉक सभागार में एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने सुनी प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा ,झांसी। झांसी जनपद के ब्लॉक सभागार बामौर में शुक्रवार को झांसी- जालौन- ललितपुर क्षेत्र से एमएएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन के मुख्य आतिथ्य में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक बामौर अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान एमएलसी प्रतिनिधि रमा आर.पी. निरंजन ने ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने अपने ग्राम व क्षेत्र की विभिन्न समस्यों से उन्हें अवगत कराया। जिस पर एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करवाए जाने का आश्वासन दिया।साथ ही उन्होंने कहा की ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जल्द ही टोल प्लाजा पर लगने वाले टोल टैक्स से निजात दिलाई जाएगी, और उन्हे टोल टैक्स नही देना पड़ेगा। इस दौरान उन्होने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से वहां उपस्थित जन प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में भाजपा सदस्य बनाने की भी अपील की।इस मौके पर बी डी सी संघ के जिलाध्यक्ष आशीष गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# अवारा पशुओं से ग्रामीण किसान परेशान

**सांडों के हमले में अब तक कई ग्रामीण हुए हैं चोटिल**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जनपद मे एक ओर जहां जंगली जीवों का भय छाया हुआ है तो वहीं किसानों को रात भर घर से बाहर रहकर फसलों की रखवाली करना पड़ता है। विकासखंड शिवपुर निहित दर्जनों ग्राम पंचायतों मे इस समय अवारा पशुओं के आतंक किसान काफी अधिक परेशान हैं। किसानों को रात-रात भर जाग कर अपने खेतों की रखवाली करनी पड़ती है और जरा सी चूक हो जाने पर लहलहाती फसल को ये जानवर नष्ट कर डालते हैं। ऐसे में किसानों के सामने सिर्फ पछतावे के सिवा कुछ हाथ नहीं लगता है। वैसे भी यह क्षेत्र काफी बाढ़ प्रभावित है जिससे यहां का किसान अपनी फसलों को कभी बाढ़ तो कभी सूखे के कारण खोता रहा है। अब यह अवारा जानवर भी किसानों के परिवार को भरपेट भोजन के लिए अन्न उगने नहीं दे रहे हैं। वहीं आबादी में भी अवारा पशुओं का बोलबाला है जहां आपसी प्रतिद्वंद्विता में कई ग्रामीण अब तक चोटिल हो चुके हैं। अभी हाल ही में शंकर सोनी जिनकी रामपुर बाजार में दुकान है। अवारा पशुओं की भिड़ंत में काफी अधिक चोटिल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। ऐसे में प्रशासन यदि अवारा पशुओं से जल्द ही किसानों को निजात नहीं दिलाएगा तो किसान भूखे पेट मरने को मजबूर हो जाएंगे।

## रंगदारी न देने पर वृद्ध दम्पत्ति को मारपीट कर किया लहुलुहान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में पुलिस के एक वांटेड अपराधी ने तीन लोगों के साथ मिलकर रंगदारी का पैसा न देने पर वृद्ध दम्पत्ति के साथ मारपीट की गयी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। थाना क्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग निवासी इंद्ररानी ने बताया है कि गांव निवासी छत्रपाल जो अपराधी किस्म का है, रंगदारी देने से मना कर दिया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही बचाने आए पति को भी मारा पीटा। शोर सुनकर आये पड़ोसियों को देख मौके से भाग निकला। पुनः रात में आरोपी छत्रपाल अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ आया और उसे तथा उसके पति को लाठी डंडों से मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

## कस्बे के तीन स्थानों पर विराजे गजानन

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे में शनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर तीन स्थानों पर गजानन की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद स्थापना की गई। दर्शन पूजन के लिए सभी स्थानों पर गणपति बप्पा के भक्तों का तांता लगा रहा। गणेश उत्सव के दौरान कस्बे के तीन स्थानों रामलीला मैदान, नगर पंचायत कार्यालय के समीप तथा बांकी मार्ग में गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। सभी स्थानों पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके गणेश उत्सव का शुभारंभ किया गया।

## कम्पोजिट विद्यालय राजापुर के बच्चों ने बनाई गणपति बप्पा की प्रतिमा

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा ,झांसी। जनपद झांसी के उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर कम्पोजिट ब्लॉक गुरसरांय के बच्चों ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाई। विद्यालय में कार्यरत नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ मूर्ति कला भी सिखाई जाती है, गणेश प्रतिमा बनाने में शिक्षक मोहनलाल सुमन ने बच्चों का सहयोग किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आए 22 प्रार्थना पत्र, एक का हुआ मौके पर निस्तारण



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा,झांसी। तहसील गरौठा में अवनीश कुमार तिवारी उप जिलाधिकारी गरौठा की अध्यक्षता एवं राजेश कुमार राय पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा, नायब तहसीलदार मानवेन्द्र की उपस्थिति में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 शिकायते प्राप्त हुयी।जिसमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को उप जिलाधिकारी गरौठा द्वारा शीघ्र निस्तारित करने के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गए। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में नगर पंचायत, वन विभाग, विद्युत विभाग, जल विभाग, समाज कल्याण, विकास एवं पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

# मोदी योगी की तारीफ करना मुस्लिम महिला को पड़ा भारी

**पति ने दिया तलाक व घर से भी निकाला**

अमन लेखनी समाचार/फैजान



कैसरगंज, बहराइच ।जनपद के जरवल कस्बा निवासी तलाक पीड़िता महिला को प्रदेश सरकार की ओर से 51 हजार रुपए का चेक दिया गया है। शनिवार को राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने महिला के घर पहुंच कर चेक प्रदान किया। जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल कस्बा के मोहल्ला सराय निवासी मोहम्मद शरीफ ने अपनी पुत्री मरियम की शादी 13 दिसंबर 2023 को अयोध्या के कोतवाली नगर के मोहल्ला दिल्ली दरवाजा निवासी अरशद के साथ किया था। पिता ने बताया कि बेटी एक सप्ताह पूर्व अयोध्या घूमने निकली तो उसने अयोध्या की खूबसूरती देखकर योगी और मोदी की तारीफ कर दी। जिस पर उसका पति आग बबूला हो गया और उसे मायके भेज दिया। दोबारा जब महिला अपने ससुराल गई तो पति ने तीन तलाक दे दिया। महिला का आरोप है कि पति ने गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। सास के कहने पर उसके पति अरशद ने रसोई से गैस चूल्हे पर रखी गर्म दाल लाकर उसके चेहरे पर फेंक दी। जिससे वह झुलस गई और मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया। पीड़ित मरियम ने स्थानीय थाना जरवल रोड में दिनांक 22 अगस्त 2024 को तहरीर देकर पति अरशद , सास ,ससुर, ननद, देवर, देवरानी सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला सुर्खियों में आया तो सरकार ने भी ध्यान रखा। प्रदेश सरकार की ओर से महिला को 51 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है। शनिवार को दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री दानिश आजाद के प्रतिनिधि जिला महामंत्री अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डॉक्टर खतीब हुसैन ने जरवल पहुंच कर तलाक पीड़िता महिला को 51 हजार रुपए का चेक दिया। साथ ही सरकार की तरस से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# बेलनापारा में कजरी तीज महोत्सव सम्पन्न




अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के ग्राम सभा बेलनापारा में कजरी तीज महोत्सव धूम धाम से संपन्न हुआ। कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सभा बेलनापारा में कजरी तीज महोत्सव बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। जिसमे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उसके बाद लखनऊ के कलाकारों द्वारा प्रभु शिव शंकर की सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। सैकड़ों की संख्या में सभी शिव प्रेमी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि कैसरगंज के विधायक प्रतिनिधि अभिषेक यादव ने कमेटी के सदस्यों का आभार प्रकट किया।व विशिष्ट अतिथि पयागपुर नगर पंचायत अध्यक्ष बालेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व विधायक राम तेज यादव रहे। मौके पर कमेटी अध्यक्ष राज कुमार यादव, युवा नेता सपा उपाध्यक्ष पवन कुमार यादव संरक्षक डॉ० केशव राम यादव, डॉ० जगजीवन यादव, संस्थापक बालक राम यादव, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, संयोजक राजकुमार यादव, भंडारा प्रभारी गोपाल यादव, कमलेश यादव स्मार्ट स्टूडियो कैसरगंज, गौरव यादव, कमेटी सदस्य हंस राम यादव, रोहित यादव, शिव कुमार यादव, पिंटू यादव, अर्जुन यादव, बोला यादव, राम कुमार यादव, राजू यादव आदि समस्त ग्राम वासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# दोनों पुत्रों की मौत से हुआ अवसाद, किसी ने नहीं दिया साथ, फिर मदद को आगे आया एक हाथ

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। इस संसार में हर माता-पिता के लिए सबसे कष्टदायी बात होती है उनके रहते हुए उनके वंशजों की मृत्यु होना। एक मां-बाप के लिए अपने बेटे, बेटी या वंशजों की अर्थी देखने से बड़ा कोई दुख नहीं हो सकता लेकिन जिस माँ के दो पुत्रों का देहावसान हो गया हो उसका जीवन कितना कष्टदाई होगा। इस पर मां के पास बच्चों की तेरहवीं करने का भी पैसा न हो तो उसका जीवन कितना विसाद पूर्ण व्यतीत हो रहा होगा। बिजौली की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला जिनके पुत्र मजदूरी कर घर का खर्च चलाते थे। एक पुत्र कोरोना काल में तो दूसरा पुत्र कुछ समय पूर्व परलोकवासी हो गया। इसके बाद घर चलाने की पूरी जिम्मेदारी बूढी मां पर आ गई लेकिन घर की माली हालत इतनी बुरी कि मां अपने पुत्रों की तेरहवीं भी नहीं करा पा रही थी। सनातन धर्म में ऐसा माना जाता है कि जब तक किसी पुरुष की तेरहवीं और महिला की ग्यारहवीं संपन्न नहीं होती तब तक वह प्रेत योनि में भटकता रहता है। जो उसके परिजनों के लिए बहुत ही नैराश्य की बात है इसीलिए बूढी मां ने मदद के लिए उसने कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का दरवाजा खटखटाया लेकिन हर जगह से निराशा ही मिली। महिला की निराशा को देखकर पड़ोस में रहने वाले दिनेश नामक व्यक्ति महिला को लेकर संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचे जहां महिला ने डॉक्टर संदीप को अपनी पूरी व्यथा सुनाई। महिला की व्यथा सुनकर डॉ० संदीप ने संघर्ष सेवा समिति के सहयोगियों के माध्यम से तेरहवीं भोज कराने हेतु महिला के लिए पर्याप्त आर्थिक सहयोग किया एवं भविष्य में भी सहायता का आश्वासन दिया। बूढ़ी माँ रोते हुए डॉ० संदीप को ढेरों आशीर्वाद दिए एवं उनकी व संघर्ष सेवा समिति के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें भी दीं। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा आधुनिकता से भरे इस युग में हमारा समाज मानव मूल्यों में पिछड़ता जा रहा है आज जो प्रकरण सामने आया है यह बहुत ही चिंता का विषय है। एक मां अपने बच्चों की तेरहवीं करने के लिए दर-दर भटक रही है और हमारे गणमान्य लोग भी उसकी सहायता नहीं कर पाये, यह बड़ी ही निराशा वाली बात है। मेरा मानना है आम आदमी भी अपनी क्षमता के अनुसार किसी का सहयोग कर सकता है यदि आप किसी भी प्रकार से किसी का सहयोग करते हैं तो ईश्वर अवश्य आपको कुछ ना कुछ लाभ देगा। मैं यह आश्वासन दिलाता हूं जब भी मेरी जानकारी में ऐसा कोई प्रकरण आयेगा मैं मदद के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। इस अवसर पर स्वामी राजपूत, विजय प्रताप सिंह, मनोज खरे, अच्छेलाल, भाई साहब लोधी, संजीव हंसारी, अमित नेता, पंकज पहारिया, मनीष लेखपाल, राहुल सेठ, सोनू खइया, संजीव, बंटी पंजाबी, एडवोकेट यशवंत नगरा, कुंज बिहारी श्रीवास, बसंत गुप्ता, संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 91 शिकायतें दर्ज की गई जबकि किसी भी शिकायत के निस्तारण की जानकारी नहीं हो सकी है, हालांकि अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस पर कबूतरबाजी, राजस्व, अवैध अतिक्रमण, बिजली, पुलिस और रास्तों के साथ ही अन्य मुद्दे छाए रहे। महीने के पहले शनिवार के अवसर पर कस्बे की तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता संयुक्त रूप से अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी और अपर पुलिस मनोज कुमार गुप्ता ने की। इस दौरान राजस्व, बिजली बिलों, पुलिस, अवैध कब्जों और आम रास्तों पर हो चुके अवैध अतिक्रमण के मुद्दे छाए रहे ।रागौल निवासियों ने मण्डी परिसर के अंदर स्थित मंदिर में रास्ता नहीं होंने पर मण्डी की बाउंड्री तुड़वा कर रास्ता बनवाने की मांग की, वहीं गुसियारी प्रधान असरार अहमद ने शमशान और कब्रिस्तान जाने वाले रास्तों पर अवैध अतिक्रमण होने के कारण पुलिस और राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की मांग की ताकि वहाँ पर सड़क बनवाई जा सके। जबकि अधिवक्ता संघ ने भी इस दौरान अपनी मांगों का ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और बीते तीन सितंबर को महिला अधिवक्ता का अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही नहीं करने का मुद्दा उठाया ।वहीँ गोण्डा के मौलाना मोहम्मद रफीक ने गुसियारी गांव के कबूतर बाज द्वारा उसे कतर भेजने के नाम उसके साथ की गई ठगी की शिकायत दर्ज कराई। तो कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी ने स्कूल द्वारा टीसी में उसके बच्चों की जन्मतिथि और जाति गलत दर्ज करने की शिकायत दर्ज कराई ।जिसने बताया कि वह शिक्षा विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगा कर थक गया है लेकिन जन्मतिथि और जाति सही नहीं हुई है जिससे बच्चों के प्रवेश नहीं हो रहे हैं ।जबकि सबसे रोचक मामला काछिन डेरा का दर्ज किया गया जहां पर पिछली पंचवर्षीय योजना में फत्तेपुर और रागौल सहित सिचौली को मौदहा नगरपालिका में शामिल किया गया था लेकिन तत्कालीन फत्तेपुर ग्राम पंचायत के मजरा काछिन डेरा को कहीं शामिल नहीं करने के कारण वह अधर में लटका हुआ है जिसके चलते वहां का विकास अवरुद्ध हो गया है। इसके साथ पुलिस, पूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों से जुड़े मामले भी दर्ज किए गए ।इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी आशीष यादव सहित सभी विभागों के जिम्मेदार या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पशु बाजार में आयोजित हुआ दंगल

**रामलीला मैदान में आल्हा गायन में माडौ की लड़ाई सुन फड़क उठी भुजाएं**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। तीजा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को रामलीला मैदान में बुंदेलखंड के मशहूर आल्हा गायकों ने माडौ की लड़ाई का सुंदर वृत्तांत सुनाकर जमकर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का शुभारंभ केपी इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजेश शिवहरे व ईओ दिनेश चंद्र आर्य ने किया। वहीं पशु बाजार मेला मैदान में विशाल दंगल सम्पन्न हुआ। जिसमें नामी गिरामी पहलवानों ने सुंदर दांव पेंच दिखाकर एक दूसरे को चित करने का प्रयास किया।

तीजा महोत्सव के दूसरे दिन रामलीला मैदान में बुंदेलखंड के मशहूर आल्हा गायक चंद्रभान यादव भेड़ी, जयसिंह यादव भेड़ी, विनोद यादव भौली, लल्लू सिंह बबीना, अनुरुद्ध सिंह पतारा, शिव सिंह महोबा, महावीर प्रजापति झलोखर, चरन सिंह तमौरा ने माडौ ( बाप का बदला ) की लड़ाई का सुंदर वृत्तांत सुनाकर लोगों में जोश भर दिया। खटखट तेगा बोले, चमचम होए तलवार जैसा गायन सुनकर लोगों की भुजाएं फड़क उठी। आल्हा सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं पशु बाजार मेला मैदान में प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी पशु बाजार मालिक अमर सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, जयकरन सिंह, सौमित्र सिंह व रानू सिंह ने विशाल दंगल का आयोजन कराया। दंगल में बुंदेलखंड के अलावा कानपुर, फतेहपुर, औरैया, इटावा, आगरा आदि जगहों से आए पहलवानों के मध्य रोचक कुश्ती संपन्न हुई। मोहित बरुआ को मदन बांदा ने पटकनी दी। प्रेमचंद्र टोलामाफ व संगम मऊ व रोहित मथुरा व मनीष पपरेन्दा की कुश्ती बराबरी पर छूटी। छोटू खप्टिहा को कल्लू इंगोहटा ने हराया। कुलदीप टेढा व शिवा एटा की कुश्ती बराबरी पर रही। इसी तरह मोनू फिरोजाबाद को उपेंद्र बड़ागांव ने हराया। वीरेंद्र टेढा व इस्सू पठान बराबरी, खली पम्पा मुरादाबाद व आकाश गाजियाबाद की कुश्ती बराबरी पर छूटी। रविकरण पपरेन्दा को शनि इटरा ने पटकनी दी। दंगल देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

# भतीजे ने ताबड़तोड़ गोली चलाकर की अपनी बुआ की हत्या

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जमीनी विवाद के कारण सगे भतीजे ने बीती रात ताबड़तोड़ गोली चलाकर अपनी बुआ की हत्या कर दी और बुआ के उन्नीस वर्षीय पुत्र को भी गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे इलाज हेतु कानपुर रिफर किया गया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घायल की तहरीर पर पुलिस ने ममेरे भाई अमित कुमार के विरूद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है तथा मृतका के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जरिया गांव निवासी अंगद अनुरागी सेवानिवृत्त अध्यापक हैं। उसके दो पुत्र बाबूराम व आनंद हैं। उसकी पुत्री गायत्री 40 वर्ष की शादी उरई में हुई है और पति प्रमोद से विवाद होने के बाद वह अपने पिता अंगद के साथ ही रहती है। उसके दो पुत्र हैं जिनमें एक मनीष कुमार उर्फ अन्नू 19 वर्ष अपनी मां गायत्री के साथ रहता है तथा दूसरा पति के साथ रहता है। गायत्री ने अपने पिता का मकान अपने नाम करवा लिया है जिससे उसका भतीजों से विवाद चल रहा है। इसी कारण बीती रात उसके भतीजे अमित कुमार पुत्र आनंद ने उसके घर में घुसकर पढ़ाई कर रहे मनीष कुमार उर्फ अन्नू के पेट में गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा शोर सुनकर बचाने आई मां गायत्री के सिर में गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मनीष को परिजन इलाज हेतु सीएचसी सरीला लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया। जहां से उसे कानपुर रिफर किया गया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने घायल मनीष कुमार की तहरीर पर उसके मामा आनंद के पुत्र अमित कुमार के विरूद्ध हत्या व हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर भरत कुमार का कहना है कि पिता का मकान अपने नाम करवा लेने के कारण सगे भतीजे अमित कुमार ने गोली मारकर बुआ के लड़के मनीष को गंभीर रूप से घायल कर दिया है तथा बचाने आई बुआ की गोली मारकर हत्या कर दी है। घायल मनीष की तहरीर पर हत्या व हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज.किया गया है तथा मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मृतका गायत्री जरिया गांव में स्वास्थ्य विभाग में आशा के पद तैनात थी। वह अपने बेटे मनीष के साथ पिछले 16 वर्षों से जरिया गांव स्थित अपने पिता के मकान में निवास कर रही थी। इसी मकान के दूसरे कमरे में हत्यारोपी भतीजा भी निवास कर रहा था। इसी मकान की रजिस्ट्री गायत्री ने अपने पिता से नाम करवा ली थी। जिसकी खुन्नस में भतीजे ने बुआ की हत्या कर दी।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## कमल हसन ने यूएस के कॉलेज में लिया एडमिशन

**मुंबई।** कमल हासन ने 69 साल की उम्र में मोटिवेट करने वाला काम किया है। नई-नई टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी हासिल करने की उत्सुकता की वजह से वे कुछ दिनों के लिए यूएस जा रहा। कमल हासन ने अमेरिका के एक टॉप कॉलेज में एडमिशन लिया है। वह वहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का क्रैश कोर्स करेंगे। यूं तो ये क्रैश कोर्स 90 दिनों का है, लेकिन वर्क कमिटमेंट के चलते कमल हासन 45 दिनों में ही वापस आ जाएंगे। पिछले साल अबू धाबी में जब कमल हासन ने डेक्कन हेराल्ड को इंटरव्यू दिया था तब उन्होंने कहा था, 'मुझे नई-नई टेक्नोलॉजी के बारे में जानने में बहुत मजा आता है।

लाइफ Style



## करीना

### एक हफ्ते में खुल जाएंगे सारे राज

करीना कपूर खान की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' के शानदार ट्रेलर ने सभी को इंप्रेस किया है। इतना ही नहीं इसने सभी को इस मिस्ट्री थ्रिलर की दुनिया की एक झलक दी है। इसके रिलीज होने में सिर्फ एक हफ्ता बाकी है, और इसका नया पोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसमें करीना कपूर खान गंभीर और दिलचस्प लुक में नजर आ रही हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म की टीम ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर नया पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, "डिटेक्टिव भामरा के साथ सच्चाई की रोमांचक खोज शुरू होने वाली है! सुलझने में बस एक हफ्ता बाकी। एकता कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा है, 'डिटेक्टिव भामरा के साथ सच्चाई की रोमांचक खोज शुरू होने वाली है! सुलझने में बस एक हफ्ता बाकी #TheBuckingham Murders'। द बकिंघम मर्डर्स करीना कपूर खान की प्रोड्यूसर के रूप में पहली फिल्म है, और लगता है कि वह एक दिलचस्प और रहस्यमय कहानी स्क्रीन पर ले कर आ रही हैं। यह फिल्म एकता कपूर और करीना कपूर खान के बीच एक और पार्टनरशिप है। इससे पहले वे 'वीरे दी वेडिंग' और 'क्रू' जैसी हिट फिल्में दे चुकी हैं। इस फिल्म के साथ वे मिस्ट्री थ्रिलर जॉनर में अपनी जबरदस्त मौजूदगी दर्ज कराने जा रही हैं। द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे टैलेंटेड स्टार्स हैं। ये फिल्म हंसल मेहता ने डायरेक्ट की है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखी है।

हॉलीवुड मसाला



## ब्रिटेन में मिली बड़ी राहत

लॉस एंजिल्स। फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन को ब्रिटेन में बड़ी राहत मिली है। दरअसल, क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने उनके खिलाफ आपराधिक आरोप को हटाने का फैसला किया है। सीपीएस के मुताबिक उन्हें दोषी ठहराए जाने की कोई वास्तविक संभावना नहीं है। दो साल पहले जून महीने में सीपीएस ने वीनस्टीन द्वारा एक महिला के खिलाफ हमला करने के आरोप लगे थे। ये कथित हमले साल 1996 में लंदन में हुए थे। साक्ष्यों की समीक्षा के बाद अब इन्हें बंद कर दिया गया है।




## टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की धूम

टोरंटो। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) 5 सितंबर को प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 15 सितंबर तक जारी रहने वाला है। अगले 10 दिनों में, रॉन हॉवर्ड की सर्वाइवल थ्रिलर 'ईडन', एमी एडम्स के साथ मैरिएल हेलर की हॉरर कॉमेडी 'नाइटबिच', एंड्रयू गारफील्ड और फ्लोरेंस पुघ अभिनीत एनिमेटेड 'द वाइल्ड रोबोट' और जॉन क्रॉली की 'वी लिव इन टाइम' जैसी फिल्में कनाडाई दर्शकों के लिए प्रदर्शित की जाएंगी। गुरुवार का टीआईएफएफ समारोह डेविड गॉर्डन ग्रीन की नटक्रैकर्स की ओपनिंग नाइट स्क्रीनिंग से पहले हुआ, जिसमें बेन स्टिलर ने एक वर्कहॉलिक की भूमिका निभाई, जो अपने हाल ही में अनाथ हुए भतीजों की देखभाल के लिए ग्रामीण ओहियो की यात्रा करता है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) की शुरुआत में इस्राइल-हमास युद्ध ने सुर्खियां बटोरीं।



## नई प्रेरणा लेकर आता है हर स्टोर : गौरी

**नई दिल्ली।** फैशन ब्रांड फाल्गुनी शेन पीकॉक ने गुरुवार को नई दिल्ली के द धन मिल में अपने प्रीवियर स्टोर का अनावरण किया। यह उद्घाटन और भी खास था, क्योंकि इस दिन ब्रांड की 20वीं वर्षगांठ थी और यह उसका प्रतीक बना। इस स्टोर को गौरी खान डिजाइन किया है। गौरी खान ने पिछले कुछ सालों में कई हाई-एंड प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। उन्होंने बताया कि कैसे पिछले कुछ वर्षों में उनका डिजाइन सेंस विकसित हुआ है। गौरी ने कहा, 'हर प्रोजेक्ट के साथ मेरा डिजाइन सेंस हर दिन विकसित होता है, जो नई प्रेरणा और एक नया नजरिया लेकर आता है।' जब उनसे पूछा गया कि स्टोर बनाने के पीछे क्या था, तो गौरी ने कहा, 'फाल्गुनी और शेन के स्टोर को डिजाइन करना उनकी शैली को एक भौतिक स्थान में बदलने के बारे में था।



## इन तीन फिल्मों का कर रहे निर्माण

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म 'लाहौर 1947' में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में आमिर खान भी कैमियो रोल करते दिखाई दे सकते हैं। फिल्म 26 जनवरी 2025 पर रिलीज की जा सकती है। फिल्म का निर्माण आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस (आमिर खान प्रोडक्शन) के बैनर तले किया जा रहा है। इसकी अलावा आमिर तीन अन्य फिल्मों का भी निर्माण कर रहे हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित फिल्म 'हैप्पी पटेल' में वीर दास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म पहले से ही पूरे जोरों पर है और गोवा के सुरम्य स्थानों में इसकी शूटिंग चल रही है। इस विचित्र कॉमेडी फिल्म को लेकर अटकलें थीं कि इसमें इमरान खान मुख्य भूमिका निभाएंगे लेकिन आमिर ने साफ कर दिया था कि फिल्म में वीर दास लीड कलाकार हैं।

टीवी मसाला



## पसलियों में चोट के बावजूद 'बिग बॉस 18' के सेट पर पहुंचे सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 जल्द ही फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है और सलमान खान शो को होस्ट करने के लिए वापस आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले इंटरनेट पर उनके पसलियों की चोट के कारण बिग बॉस 18 में शामिल न होने की खबरें सामने आईं, लेकिन अब अभिनेता ने बिग बॉस 18 के प्रोमो की शूटिंग के लिए आकर सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। सोशल मीडिया पर इस समय एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान खान बिग बॉस 18 के सेट के बाहर नजर आ रहे हैं। इस दौरान सलमान खान को तस्वीरों के लिए पोज देते समय संघर्ष करते हुए देखा गया। वे अपनी पसलियों को छूते हुए दिखाई दे रहे हैं, ऐसा लग रहा था, जैसे उन्हें बहुत दर्द हो रहा है। दर्द में होने के बावजूद सलमान सेट पर पहुंचे और उन्हें बाहर अपने प्रशंसकों से भी मुलाकात की। इसके साथ प्रोमो भी शूट किया। 'बिग बॉस 18' का प्रोमो सितंबर 2024 के मध्य में आने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिग बॉस 18 को 5 अक्टूबर को लॉन्च किया जाएगा। शोएब इब्राहिम, धीरज धूपर, मंसरी श्रीवास्तव, समय रैना और अन्य के शो में प्रतियोगी के रूप में भाग लेने की उम्मीद है।

## शिल्पा शिंदे ने फिल्म निर्माता पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** अंगूरी भाभी के किरदार से घर-घर में अपनी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे इन दिनों स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में नजर आ रही हैं। शिल्पा अपने बेबाक बयान के लिए भी



प्रशंसकों के बीच काफी चर्चित हैं। इसी बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री से जुड़ा बड़ा खुलासा कर हर किसी को हैरान कर दिया है। शिल्पा शिंदे ने एक हिंदी फिल्ममेकर पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। शिल्पा शिंदे ने एक इंटरव्यू में दावा किया कि उनके करियर के शुरुआती दौर में उन्हें ऑडिशन की आड़ में फिल्म निर्माता को लुभाने के लिए कहा गया था। यह रहस्योद्घाटन न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के सार्वजनिक जारी होने के बाद कई अभिनेताओं द्वारा यौन उत्पीड़न और हमले के अपने अनुभवों को साझा करने के बाद आया है। शिल्पा ने कहा, 'मैं झूठ नहीं बोल रही हूं, लेकिन मैं उनका नाम नहीं ले सकती।

## 'गोट' ने 50 करोड़ पार की वर्ल्डवाइड ओपनिंग

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार तलपती अपनी नई फिल्म गोट यानी ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम के साथ एक बार फिर दहाड़ मारते हुए नजर आ रहे हैं। 5 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज होने के बाद इस फिल्म के रिव्यू



तो सामने आ ही गए हैं। ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयाबालन ने बताया है कि यह वीकेंड फिल्म के लिए काफी जरूरी है। पहले दिन तमिलनाडु में 23.87 करोड़, आंध्रप्रदेश में 3.06 करोड़, कर्नाटक में 8.24 करोड़, केरल में 5.95 करोड़, बाकी शहरों में 1.69 करोड़ की कमाई फिल्म ने की है। बाकी 34.12 करोड़ की फिल्म ने कमाई हासिल की है। इसके बाद भारत में 76.93 करोड़ का कलेक्शन फिल्म ने हासिल किया है। इसके चलते फिल्म के टाइटल को साबित करने के लिए जेलर के 650 करोड़ 2.0 के 800 करोड़ के आंकड़े को पीछे छोड़ना होगा। भारत में पहले दिन की कमाई की बात करें तो 43 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल कर ली है, जिसके बाद ऋतिक रोशन की फाइटर को फिल्म ने पीछे छोड़ दिया है। जबकि फिल्म का बजट 400 करोड़ तक का बताया जा रहा है, जिसके चलते इस वीकेंड फिल्म को कमाल दिखाना होगा।

## 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का ट्रेलर हुआ रिलीज



**मुंबई।** निर्माताओं ने शुक्रवार को 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। रीमा कागती द्वारा निर्देशित इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में आदर्श गौरव, विनीत कुमार सिंह और शशांक अरोड़ा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी महाराष्ट्र के छोटे से शहर मालेगांव की पृष्ठभूमि पर तैयार की गई है। ट्रेलर को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रिलीज कर दिया गया है। 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव'13 सितंबर को 'टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल'में एक विशेष विश्व प्रीमियर के लिए सेट किया गया है, इसके बाद 10 अक्टूबर को बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में एक शोकेस भी किया जाएगा। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि मालेगाव के निवासी बॉलीवुड सिनेमा देखकर फिल्म बनाने की सोचते हैं। ट्रेलर में हमें एक शौकिया फिल्म निर्माता नासिर शेख (आदर्श गौरव) और उसके दोस्तों के समूह की दुनिया से रूबरू कराया गया है। ये सभी एक साथ फिल्म बनाना चाहते हैं। हालांकि, ट्रेलर के क्लाइमेक्स में ट्विस्ट आपको यह सोचने पर मजबूर कर देता है कि क्या नासिर का सपना पूरा हो पाएगा? फिल्म के ट्रेलर में हल्के-फुल्के और दिल को छू लेने वाले पलों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिल रहा है। रीमा कागती के निर्देशन में बनी यह फिल्म आपको प्रभावित कर देगी।

## सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन करने पहुंचे रणवीर-दीपिका



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि उनकी डिलीवरी डेट 28 सितंबर है, जिस जिन रणबीर कपूर का जन्मदिन होता है। हालांकि कुछ कंफर्म नहीं है। अब रणवीर सिंह के साथ दीपिका पादुकोण सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची हैं। 6 सितंबर के दोपहर तीन बजे से गणेश चतुर्थी का समय शुरू हो गया है। ऐसे में कपल बच्चे बप्पा के दर्शन करने मुंबई के मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे हैं। इस दौरान जहां ऑफ व्हाइट कुर्ते-पायजामे में रणवीर सिंह नजर आए। वहीं, हरे रंग की बनारसी सिल्क साड़ी में दीपिका पादुकोण दिखाई दीं। इस दौरान वह दोनों नंगे पांव थे। पति का हाथ थामे हुई थीं। रास्ते में मिल रहे फैंस का वह अभिवादन भी कर रही थीं। हालांकि वह अकेले नहीं थीं। उनका पूरा परिवार साथ था। दोनों के मम्मी-पापा भी स्पॉट हुए हैं। दीपिका पादुकोण के चेहरे की रौनक और खुशी देख फैंस तो निहाल हुए ही।

### फिल्मी है यश जौहर की कहानी, हर शख्स था उनके स्वभाव का कायल

## साधारण नौकरी से धर्मा प्रोडक्शन तक तय किया सफर

*धर्मा प्रोडक्शन की नींव रखने वाले यश जौहर का हिंदी सिनेमा में महत्वपूर्ण योगदान है। यश जौहर अपने काम के लिए तो मशहूर हैं ही, लेकिन वह अपने नरम स्वभाव और नेक दिली के लिए भी जाने जाते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का लगभग हर शख्स उनके स्वभाव का कायल था। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में खूब मान सम्मान कमाया, जिसका फायदा उनके बेटे करण जौहर को भी मिला।*

एजेंसी ⏭ मुंबई

आज यश जौहर की बर्थ एनिवर्सरी है, आइए इस मौके पर उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण किस्सों के बारे में जानते हैं। यश जौहर का जन्म अमृतसर में 6 सितंबर 1929 में हुआ। वह कुछ समय शिमला, लाहौर और दिल्ली में रहें। यश ने अपनी दादी की सलाह पर घर से भागकर मुंबई आए। दरअसल, उनकी दादी हमेशा कहती थी कि वह यहां के लिए नहीं बने हैं। वह कुछ बड़ा करने के लिए पैदा हुए हैं। उनकी दादी ने भागते हुए उन्हें कुछ रुपए दिए और वहां से निकलने में उनकी मदद की।

### फोटोग्राफर की नौकरी की

50 के दशक में मुंबई आने के बाद उन्होंने ने 'टाइम्स ऑफ इंडिया' में बतौर फोटोग्राफर की नौकरी की। इस नौकरी के दौरान ही उनकी किस्मत ने करवट लेना शुरू किया। एक दिन वह तस्वीरों के सिलसिले में मधुबाला से मिले। यश का स्वभाव अभिनेत्री को काफी पसंद आया। उन्होंने यश को एक प्रोडक्शन हाउस में नौकरी भी दिलवा दी। प्रोडक्शन हाउस में जुड़ने के बाद यश जौहर ने कई दिग्गजों के प्रोडक्शन हाउस में बतौर प्रोडक्शन कंट्रोलर काम किया। 60 के दशक में आते-आते वह देवानंद के प्रोडक्शन हाउस 'नवनिकेतन फिल्म्स' से जुड़े। यहां उन्होंने 12 साल काम किया। अपने स्वभाव की वजह से देवानंद से भी उनके अच्छे संबंध हो गए और इंडस्ट्री के सभी लोग उन्हें जानने लगे।



### 1976 में खुद की बनाई कंपनी

साल 1976 में यश जौहर ने अपनी जिंदगी को नया अवसर दिया। उन्होंने खुद की कंपनी खड़ी की। उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन की नींव रखी। धर्मा प्रोडक्शन में उन्होंने पहली फिल्म बनाई 'दोस्ताना' बनाई। यह वही दोस्ताना थी, जिसमें अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया और इसकी कहानी जावेद-सलीम की जोड़ी ने लिखी। यह फिल्म बॉक्स पर भी हिट रही।

## सिनेमाघरों में 13 सितंबर को दोबारा रिलीज होगी 'वीर-जारा'



**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और प्रीति जिंटा अपनी शुद्ध प्रेम कहानी 'वीर-जारा' के साथ एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रहे हैं। फिल्म निर्माता यश चोपड़ा का सिनेमाई जादू एक बार फिर लोगों को देखने को मिलेगा। 'वीर-जारा' शाहरुख खान की सबसे बेहतरीन रोमांटिक फिल्मों में से एक है। शायद ही शाहरुख का कोई ऐसा प्रशंसक होगा, जिसकी पसंदीदा फिल्मों की लिस्ट में यह फिल्म शामिल ना हो। फिल्म के दोबारा रिलीज होने की जानकारी यश राज फिल्म्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया गया है। पोस्ट में लिखा था, 'स्वर्ग में बनी जोड़ी वीर-जारा शुक्रवार, 13 सितंबर को सिनेमाघरों में वापस आ रही है! इसे अपने नजदीकी सिनेपोलिस स्क्रीन पर देखें!' फिल्म के फिर से रिलीज होने की जानकारी मिलते ही प्रशंसक उत्साहित हो गए। एक सोशल मीडिया यूजर ने टिप्पणी की, 'वाह इसे फिर से देखने का इंतजार नहीं कर सकता।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'दिन की सबसे अच्छी खबर।'